


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 15 अंक - 336 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरुवार 19 सितंबर 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर

### मुख्यमंत्री ने कैलाश गुफा से दर्शन कर लौट रहे घायलों के ईलाज गंभीरता से करने दिए निर्देश

**रायपुर।** जशपुर जिले के प्रसिद्ध शिव धाम कैलाश गुफा से दर्शन कर लौट रहे पिकअप वाहन में 25 से 30 श्रद्धालु सवार थे। पिकअप वाहन लौटते समय वाहन गहरी खाई गिर कर पलट गई, जिससे उसमें सवार लोगों को चोट आयी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने घायलों के ईलाज के समुचित इलाज के निर्देश चिकित्सकों को दिए हैं। बगीचा क्षेत्र में हुए इस हादसे की सूचना मिलते ही सीएम कैंप कार्यालय बगिया ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन को इलाज के समुचित व्यवस्था कराने के निर्देश दिए हैं। घटना स्थल पर एंबुलेस और मेडिकल टीम भेजी गई है। घायलों को बगीचा अस्पताल पहुंचाया जा रहा है, किन्तु गंभीर रूप से घायलों को अंबिकापुर रिफर किया गया है।

जशपुर जिले के प्रसिद्ध शिव धाम कैलाश गुफा से दर्शन कर श्रद्धालु लौट रहे थे कि पिकअप वाहन खाई में गिर कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मामला बगीचा थाने के सोनगेरसा का है, जहां से कैलाश गुफा जाते हैं। बताया जा रहा है कि हादसे के समय पिकअप में 25 से 30 लोग सवार थे। घटना की सूचना मिलते ही बगीचा अनुविभागीय अधिकारी, पुलिस प्रशासन और मेडिकल टीम रवाना किया गया है। ग्रामीणों के सहयोग से राहत बचाव कार्य किया गया। आसपास के ग्रामीणों ने हर संभव प्रयास करते हुए घायलों को ईलाज के लिए तत्परता दिखाते हुए अपने स्वयं के वाहन से बगीचा अस्पताल ले जाया गया और गम्भीर रूप से घायलों को अम्बिकापुर अस्पताल रफर किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने घायलों को हर संभव चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने जिला प्रशासन को निर्देश दिए है।

### रायपुर में आज निकलेगी गणपति विसर्जन की झांकी, शाम 7 बजे से 8 सड़के रहेंगी बंद

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में गुरुवार को गणेश झांकी निकाली जाएगी। हर साल प्रदेश के अलग-अलग जिलों से बढ़ी संख्या में लोग इसमें शामिल होते है। लोगों की भीड़ को देखते हुए शाम 7 बजे से 8 सड़कों को पूरी तरह से बंद करने के साथ ही 7 सड़कों पर रूट डायवर्ट किया गया है।

प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि जरूरी काम हो तो वे ही बाहर निकलें और झांकी के दौरान जर्जर मकानों से दूर रहें। रायपुर में झांकी के दौरान डीजे-धुमाल बजेगा या नहीं इस पर सस्पेंस अब भी बरकरार है। बुधवार को 30 समितियों ने झांकी के साथ डीजे की अनुमति मांगी है। हालांकि प्रशासन ने अभी तक किसी भी समिति को इसकी मंजूरी नहीं दी है। सबसे पहले झांकियां राठौर चौक पर एकजुट होंगी। इसके बाद राठौर चौक से एमजी रोड होतेशारदा चौक, जयस्तंभ चौक, मालवीय रोड, चिकनी मन्दिर, कोतवाली चौक, सदरबाजार, सत्ती बाजार, कंकाली तालाब, पुरानी बस्ती, लाखे नगर चौक, सुंदर नगर, रायपुरा चौक होकर महादेव घाट विसर्जन कुंड तक पहुंचेगी।

# नक्सल समर्थक भी नपेंगे, खात्मा तय!

## बेहतर नीतियां, क्षेत्र का विकास भी बनेगा नक्सलियों के सफाए का आधार



श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** अपने प्रभाव वाले क्षेत्रों में लगातार कमजोर हो रहे नक्सलियों के ताबूत में आखिरी कील ठोकने की हरसंभव कोशिशें जारी है। छत्तीसगढ़ में नई सरकार आने के बाद नक्सलवाद के खात्मे के लिए बनाई गई बेहतर नीतियां और प्रभावित क्षेत्रों में विकास और शासन की योजनाओं का लाभ मिलने जैसे कई कारण हैं, जिन्होंने नक्सलियों की जड़ों को कमजोर किया हैं। यह प्रदेश की साय सरकार का ही कमाल है कि पिछले कुछ वर्षों की तुलना में इस साल करीब दोगुने नक्सलियों ने समर्पण किया है। यह सरकार की सरेंडर पॉलिसी का ही असर है। जो माओवादी सरेंडर नहीं कर रहे हैं, उनका सफाया भी हो रहा है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने नक्सलियों के समर्थकों को खुली चेतावनी जारी की है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि माओवादियों का समर्थन करने वालों को जेल भेजा जाएगा। इधर, प्रदेश के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़क मार्गों का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। इस नई परियोजना के लिए केन्द्र सरकार 200 करोड़ रूपए की राशि आबंटित करने जा रही है।

छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के सफाए की तैयारी जोरों पर है। नक्सलियों को सपोर्ट करने वालों के खिलाफभी सख्ती बरती जा रही है। बस्तर के आईजी सुंदरराज पी. ने नक्सल समर्थकों के लिए चेतावनी जारी की है। उन्होंने साफतौर पर कह दिया है कि नक्सलियों का सपोर्ट किया तो सीधे जेल भेजे जाओगे। पुलिस ने कई इलाकों में अपना खुफिया तंत्र भी मजबूत कर दिया है। छत्तीसगढ़ को मार्च 2026 तक नक्सल मुक्त करने का टारगेट है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के इस बयान के बाद छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ अभियान और भी तेज हो गया है। खासकर नक्सलवाद की समस्या से जूझ रहे बस्तर में पुलिस कई बड़े ऑपरेशन लांच कर रही है। पुलिस ठोस रणनीति बनाकर नक्सलियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। नक्सलियों को सपोर्ट करने वाले लोगों पर भी पुलिस की नज़र है। बस्तर में पुलिस हर हाल में नक्सलियों के सफाए तो लेकर संकल्पित नजर आ रही है। खासकर बस्तर के नारायणपुर इलाके में पुलिस की नजर है। इलाकों में पुलिस अपने खुफिया तंत्र को और भी मजबूत करने में जुटी हुई है, जिससे नक्सलियों और उनका समर्थन करने वाले लोगों को पकड़ा जा सके। दरअसल, इस इलाके में एनआईए की टीम ने भी छापा मारा था। पुलिस को सूचना मिल रही है कि इलाके में संदिग्ध किस्म के लोग घूम रहे हैं। ऐसे में नक्सल गतिविधियों में साथ देने वाले लोगों पर पुलिस की खास नजर है। साक्ष्य मिलते ही नक्सलियों को सपोर्ट करने वाले सलाखों के पीछे होंगे।

### सरकार का प्रभाव बढ़ा

राज्य के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र बस्तर में नक्सलियों की पकड़ लगातार कमजोर हो रही है। सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों और आदिवासियों को मिल रहे शासकीय योजनाओं के लाभ का ही असर है कि स्थानीय लोगों का नक्सलवाद के प्रति मोहभंग हो रहा है। आंकड़ों की बात करें तो इस साल अब तक 570 के करीब नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। पिछले 5 वर्षों का रिकार्ड बताता है कि इतनी बड़ी संख्या में समर्पण अब तक नहीं हुआ। इनमें से ज्यादातर लोग स्थानीय हैं, जो नक्सलियों के दबाव में उनके साथ जुड़ गए थे। अब सरकार की पहुंच बढ़ी तो इन आदिवासियों में भी उम्मीदों का संचार हुआ है। हालात यह है कि हर महीने करीब 70 नक्सली मुख्यधारा में लौट रहे हैं। नक्सलियों का समर्पण पिछले वर्षों की तुलना में करीब दोगुना है। पिछले साल 398 नक्सलियों ने शांति की राह पकड़ी थी।

### खत्म हुई जनताना सरकार

बीहड़ों में सरकार की पहुंच न होने का फायदा किसी समय नक्सलियों ने बखूबी उठाया और स्थानीय आदिवासियों के बीच न केवल अपनी पैठ बनाई, बल्कि उन्हें अपने संगठन के साथ भी जोड़ा। नक्सलियों ने इन इलाकों में जनताना सरकार की स्थापना की थी, जहां कथित तौर पर उनकी सत्ता चलती थी। लेकिन केन्द्र और राज्य की डबल इंजन सरकार ने नक्सलियों के पैर उखाड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। खासतौर पर छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय की अगुवाई में सरकार बनने के बाद नक्सली कमजोर पड़े हैं। लगातार हो रही मुठभेड़ों से नक्सलियों को अत्यधिक नुकसान उठाना पड़ा है। सरकार की सरेंडर पॉलिसी भी नक्सलियों को आकर्षित कर रही है। यही वजह है कि अब जनताना सरकार करीब-करीब खत्म होने को है। ऐसे क्षेत्रों में अब फोर्स पूरी तरह से हावी है। पिछले कुछ महीनों में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों ने नए कैम्प खोले हैं। इन कैम्पों के आसपास के 5 किमी की परिधि में सड़क, पानी, बिजली, स्कूल और शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने जैसे काम करवाए जा रहे हैं। इसका नतीजा है कि आदिवासियों का सरकार के प्रति भरोसा बढ़ा है।





### 200 करोड़ की सड़कों से पहुंचेगा विकास

केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने बीहड़ों और सुदूरवर्ती गांवों को सड़कों के निर्माण के जरिए मुख्य सड़कों से जोड़ने की परियोजना के लिए 100 करोड़ रूपए की राशि आबंटित की थी। अब इस राशि को बढ़ाकर दो गुना यानी 200 करोड़ कर दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, रोड कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट फॉर लेफ्ट विंग एक्ट्रीमिस्म अफेक्टेड एरिया योजना के तहत अब छत्तीसगढ समेत आंध्र, बिहार, झारखंड, मप्र, ओडिशा, तेलंगाना और उप्र के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सडकों का जाल बिछाने के लिए एक हजार करोड़ रुपए का आवंटन किया है। इसमें सबसे अधिक दो-दो सौ करोड़ की राशि छत्तीसगढ़ और झारखंड के लिए रखी गई है। इनके अलावा आंध्र को 150 करोड, बिहार को 20 करोड़, मप्र को 140 करोड़, महाराष्ट्र को 140 करोड़, ओडिशा को 20 करोड़, तेलंगाना को 110 करोड और उप्र को 20 करोड रुपए की राशि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सडक निर्माण के लिए आवंटित की जा रही है। नक्सल प्रभावित नौ राज्यों के 44 नक्सल प्रभावित जिलों को चिन्हित किया गया है, जहां पर जंगली इलाके का फायदा उठाकर नक्सली प्रशासन का दबाव पड़ने पर एक राज्य से दूसरे राज्य में भाग जाते हैं। ऐसे सभी क्षेत्रों को बेहतर पक्की सडकों से जोड़ने की योजना है।

### आखिरी कील साबित होगी नई पॉलिसी

छत्तीसगढ़ की सरकार नक्सलियों के समर्पण के लिए नई सरेंडर पॉलिसी लाने जा रही है। फिलहाल यह पॉलिसी कागजी प्रक्रिया में है, लेकिन इसके लागू होने के बाद नक्सलियों को पुनर्वास के दौरान कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध हो सकेगी। उम्मीद की जा रही है कि इससे बड़ी संख्या में नक्सली मुख्यधारा में लौटेंगे। हालांकि अब भी बस्तर के बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा और नारायणपुर जैसी क्षेत्रों में नक्सली बड़ी संख्या में आत्मसमर्पण कर रहे हैं। दरअसल, नक्सलियों के खिलाफ राज्य सरकार को मिल रही बड़ी सफलता की एक वजह पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वय भी है। चारों ओर से दबाव पड़ने की वजह से माओवादी हतोत्साहित हैं। समर्पण की बात करें तो 2019 में कुल 311 नक्सलियों ने हथियार डाले थे। इसी तरह 2020 में 242, 2021 में 551, 2022 में 413 और 2023 में कुल 398 नक्सलियों ने समर्पण किया। इसके मुकाबले इस साल अब तक 570 से ज्यादा नक्सलियों का हिंसा के प्रति मोहभंग हुआ है।

## महिलाओं को हर माह 2100 रुपये: शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों में 5 लाख आवास, जानें BJP के घोषणा पत्र में क्या?

**रोहतक (हरियाणा) एजेंसी।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को रोहतक से हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। भाजपा ने महिलाओं को हर माह 2100 रुपए देने का वादा किया। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया, हरियाणा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा, केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, कुलदीप बिश्नोई ओमप्रकाश धनखड़, सुभाष बराला, सुधा यादव, अशोक तंवर भी पहुंचे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन बड़ौली ने कहा कि मुझे ये बताते हुए खुशी हो रही है कि 2 लाख से ज्यादा लोगों ने इस घोषणा पत्र को बनाने में अपने सुझाव दिए हैं। घोषणा पत्र बनाने के लिए कमेटी ने हर जिले में जाकर समाज के हर वर्ग से बातचीत करने की कोशिश की है। घोषणा पत्र में यह शामिल है।

1. सभी महिलाओं को लाडो लक्ष्मी योजना के तहत प्रतिमाह 2,100 रुपये।
2. आईएमटी खरखौदा की तर्ज पर 10 औद्योगिक शहरों का निर्माण। प्रति शहर 50,000 स्थानीय युवाओं को नौकरी देने के लिए उद्यमियों को विशेष प्रोत्साहन।
3. चिरायु-आयुष्मान योजना के तहत प्रत्येक परिवार को 10 लाख तक का मुफ्त इलाज एवं परिवार के 70 वर्ष से अधिक प्रत्येक बुजुर्ग को अलग से 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा।
4. 24 फसलों की घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर खरीद।
5. 2 लाख युवाओं को 'बिना पर्ची बिना खर्ची पक्की सरकारी नौकरी
6. 5 लाख युवाओं के लिए अन्य रोजगार के अवसर एवं नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन योजना से मासिक स्टाइपेंड
7. शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 5 लाख आवास।
8. सरकारी अस्पतालों में डायलिसिस तथा सभी अस्पतालों में डायग्नोसिस मुफ्त।
9. हर जिले में ओलंपिक खेलों की नर्सरी।
10. हर घर गृहणी योजना तहत 500 रुपये में सिलेंडर।
11. अव्वल बालिका योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में कॉलेज जाने वाली प्रत्येक छात्रा को स्कूटर।
12. हर हरियाणवी अग्निवीर को सरकारी नौकरी की गारंटी।
13. भारत सरकार के सहयोग से केएमपी के ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर का निर्माण एवं नई वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत।
14. भारत सरकार के सहयोग से विभिन्न रैपिड रेल सेवाओं एवं फरीदाबाद से गुरुग्राम के बीच इंटरसिटी एक्सप्रेस मेट्रो सेवा की शुरुआत।
15. छोटी पिछड़े समाज की जातियों (36 बिरादरियों) के लिए पर्याप्त बजट के साथ अलग-अलग कल्याण बोर्ड।
16. डीए और पेंशनों को जोड़ने वाले साइंटिफिक फॉर्मूले के आधार पर सभी सामाजिक मासिक पेंशनों में वृद्धि।
17. भारत के किसी भी सरकारी कॉलेज से मेडिकल और इंजीनियरिंग पढ़ने वाले ओबीसी एवं एससी जातियों के हरियाणा के विद्यार्थियों को पूर्ण छात्रवृत्ति।
18. सभी ओबीसी वर्ग के उद्यमियों की, मुद्रा योजना के अतिरिक्त, 25 लाख रुपये तक के ऋण की गारंटी हरियाणा राज्य सरकार उठाएगी।
19. हरियाणा को वैश्विक शिक्षा का केंद्र बनाकर आधुनिक स्किल का प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।
20. दक्षिण हरियाणा में एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का अरावली जंगल सफारी पार्क।

## दिमाग में 24 घंटे चल रहा सेक्स

श्रीकंचनपथ




कुछ लोगों के दिमाग में 24 घंटे सेक्स ही चल रहा होता है। इन्हें जब भी फुर्सत मिलती है बैठकर पोर्न देखने लगते हैं। इंटरनेट सेवा के सस्ता होने के बाद से ऐसे यूजर्स की बाढ़ आ गई है। इनमें विद्यार्थियों, गृहिणियों, व्यापारियों से लेकर नेता और नौकरी पेशा, सभी लोग शामिल हैं। पोर्नोग्राफी कितना आम है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यूट्यूब शार्ट्स में भी युवतियां और महिलाएं भद्दे इशारे करती हुई वीडियोज़ पोस्ट कर रही हैं। इनके चाहने वालों की संख्या भी लाखों में हैं। माना कि सेक्स जीवन का अभिन्न अंग है पर इसकी भी मर्यादाएं हैं। पहले पोर्न देखने वाले एकांत ढूंढा करते थे। 90 के दशक में पीली पन्नी में पैक की हुई पुस्तिकाएं आती थीं। फिर उनकी जगह ग्लेज्ड प्रिंट वाले एल्बम ने ले ली। फिर वीडियो हॉलर में पोर्न दिखाने का धंधा भी खूब चला। एक समय वह भी आया जब पोर्न की पायरेटेड सीडी का व्यवसाय फलने-फूलने लगा। शौकीनों ने मोबाइल में पोर्न डलवाने के लिए भी पैसे खर्च किये। पर 2014-15 के आते-आते यह धंधा भी सिमटने लगा। अब लोगों के हाथ में इंटरनेट से लैस स्मार्टफोन है। तमाम बंदिशों के बावजूद दुनिया भर की पोर्न वेबसाइटों तक उसकी पहुंच है। अब यही पोर्नोग्राफी यौन शौषण का उपकरण बनकर उभरा है। कांकेर जिले के बांदे में एक शिक्षक को एक तीन साल की बच्ची के यौन शोषण के आरोप में हिरासत में लिया गया है। आरोप है कि वह तीन साल की बच्ची को पोर्न दिखाकर उसके साथ शारीरिक छेड़खानी करता था। पोर्न देखने वालों के साथ यही दिक्कत है। उन्हें लगता है कि हर कोई दिन-रात 24 घंटे सेक्स करने के लिए तैयार है। ऐसा व्यक्ति रिश्ते-नाते तक भूल जाता है। यही कारण है कि रेप के 62 फीसदी मामलों में रिश्तेदार आरोपी होते हैं। 92 फीसदी रेप परिचितों द्वारा किये गये होते हैं। पोर्न भी कई तरह के होते हैं। कुछ जहां सामान्य रूप से संबंध बनाने के होते हैं वहीं कुछ समूह में सेक्स करने या फिर हिंसक सेक्स करने के होते हैं। लगातार पोर्न देखने वालों के दिलो-दिमाग पर इनका गहरा असर हो सकता है। यौन संबंधों में बढ़ती हिंसा के लिए एक हद तक यह भी जिम्मेदार है। एक ऐसी ही घटना मध्यप्रदेश के इंदौर में सामने आई है। यहां एक बैंक कर्मी की पत्नी सेना के एक जवान के साथ होटल में ठहरी थी। आरोप है कि संबंध बनाने के बाद जवान ने उसके प्राइवेट पार्ट में कांच का हिलास घुसेड़ दिया। इस तरह की घटनाएं देश के कोने-कोने से सामने आ रही हैं। कैमरा फोन आने के बाद से एक और तरह के अपराध की सृष्टि हुई है। अब यौन छेड़छाड़ या रेप के वीडियो बनाकर न केवल लोगों को ब्लैकमेल किया जा रहा है बल्कि पोर्न वेबसाइटों को इसे बेचा भी जा रहा है। अब आगे क्या?



## संपादकीय

### एक साथ चुनाव

पूरे विचार-विमर्श के बाद केंद्रीय कैबिनेट ने एक देश-एक चुनाव का फैसला कर लिया। यह फैसला बहुत महत्वपूर्ण है और बहुत चौंकाता है। देश जब आजाद हुआ था, तब एक साथ सारे चुनाव हुए थे, पर बाद में राज्यों में राजनीतिक उठापटक की वजह से मध्यावधि चुनाव होने लगे और एक साथ चुनाव का क्रम टूट गया। अब बुधवार को कैबिनेट ने फैसला किया है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव पूरे देश में एक साथ होंगे। लोग यह भूले नहीं हैं कि यह एनडीए सरकार का एक प्रिय विषय रहा है और इसके लिए सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय समिति गठित की थी। इस समिति ने विभिन्न पक्षों से पूरे विचार-विमर्श के बाद सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी, जिसे अब केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भी मंजूरी दे दी है। अब पहली नजर में आकलन करें, तो एक देश एक चुनाव के लिए यहां से जमीनी कवायद शुरू हो गई है। मगर क्या यह काम आसान है? क्या सभी दल और नेता इस फैसले को मान लेंगे? जिन राज्यों में विपक्षी दलों की सत्ता है, वहां तो इस फैसले का खूब विरोध होगा। क्या चुनाव आयोग विरोध का सही उत्तर दे पाएगा?

> “ध्यान देने की बात है कि पूर्व रार्ष्ट्रपति द्वारा पेश की गई रिपोर्ट में एक साथ चुनाव कैसे कराया जाएगा, इसकी व्यापक रूपरेखा दी गई है। पहले लोकसभा और विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव होंगे। उसके बाद 100 दिनों के अंदर हर जगह स्थानीय निकाय चुनाव कराए जाएंगे। ऐसा कब होगा, यह तो तय नहीं है, पर इस फैसले को लागू करने के लिए बड़े पैमाने पर परिवर्तन करने पड़ेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि एक साथ चुनाव के लिए संविधान में कम से कम पांच या 18 छोटे-बड़े संशोधन करने पड़ेंगे।

खैर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने ठान लिया है कि देश में चुनाव एक साथ ही कराए जाएंगे। वैसे तो एक देश-एक चुनाव का विषय पुराना है, मगर पहली बार कोई सरकार इस योजना के साथ इस मुकाम तक पहुंची है। प्रधानमंत्री ने एकाधिक बार इस बात को दोहराया है कि बार-बार चुनाव की वजह से देश के विकास में बाधा आती है। देश में लगभग हर चार-छह महीने पर कहीं न कहीं चुनाव होते रहते हैं। आचार संहिता लागू रहती है। अत: यह कहना सही है कि एक साथ चुनाव होने पर देश को हर स्तर पर लाभ होगा। राजनीतिक सुविधा भी बढ़ेगी, आर्थिक विकास की रफ्तार बनी रहेगी और देश में सामान्य कामकाज भी बेहतर हो सकेगा। ध्यान रहे, एक साथ चुनाव भाजपा का चुनावी वादा भी है, पर यह देखना होगा कि विपक्षी दल इस फैसले को कैसे स्वीकार करते हैं। वैसे, कुछ ही फैसले या संशोधन ऐसे हैं, जहां विधानसभाओं से मंजूरी की जरूरत पड़ेगी।

चूंकि फैसला बड़ा है, अत: किसी पर थोपने के बजाय सहमत करने पर ज्यादा जोर होना चाहिए। जो व्यावहारिक अड़चनें हैं, उन्हें दूर करना जरूरी है। शंकाओं का बाजार भी गर्म है। बीते लोकसभा चुनाव में सौ से भी ज्यादा दिन खर्च हुए हैं। सात चरणों में मतदान कराने में 44 दिन खर्च हुए हैं। चुनाव आयोग कितना सक्षम है? क्या वह लोकसभा चुनाव के साथ ही, तमाम विधानसभाओं के चुनाव करा पाएगा? कितने लोगों की सेवा लगेगी और कितने सुरक्षाकर्मियों का इंतजाम करना पड़ेगा? इतने बड़े पैमाने पर चुनाव आयोजित करने में आने वाली तमाम अड़चनों का क्या अनुमान लगा लिया गया है? चुनाव आयोग के साथ ही केंद्र सरकार को भी सभी राज्य सरकारों, केंद्रशासित प्रदेशों के साथ मिलकर एक देश एक चुनाव को संभव बनाना चाहिए।

## नजरिया

# हमारे विकास का इंजन बनेंगे खास बारह औद्योगिक शहर

*विकसित भारत की राह बेशक विनिर्माण क्षेत्र से होकर गुजरती है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इस क्षेत्र की हिस्सेदारी को 25 प्रतिशत तक बढ़ाने पर लगातार ध्यान दिया जा रहा है और ऐसा करना एक आधुनिक अर्थव्यवस्था के अनुरूप है। जो कदम उठाए जा रहे हैं, उनमें व्यापार को आसान बनाने और व्यापार की लागत घटाने के उपाय शामिल हैं।*

सुभ्रकांत पांडा, पूर्व अध्यक्ष, फिक्की



इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित करने और विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक बुनियादी ढांचे के विस्तार पर ध्यान केंद्रित किया गया है। फिलहाल, देश भर में 4,400 से अधिक औद्योगिक पार्क/क्षेत्र हैं, जिनमें से 64 प्रतिशत मिश्रित उपयोग वाले हैं। वैसे, हाल ही में क्षेत्र-विशेष आधारित पार्कों की ओर रुझान बढ़ा है। गौर करने की बात है कि देश में कुल औद्योगिक पार्क या क्षेत्र का 75 प्रतिशत हिस्सा पांच राज्यों में ही है। जाहिर है, विशेष औद्योगिक क्षेत्रों ने इन राज्यों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अब सरकार ने घोषणा की है कि राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम, यानी एनआईसीडीपी के तहत 12 नए औद्योगिक शहर बनाए जाएंगे। इस काम के लिए केंद्र ने 28,602 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दी है। ये शहर देश के औद्योगिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करेंगे। वैश्विक प्रतिस्पर्द्धा बढ़ाएंगे। 40 लाख प्रत्यक्ष व परोक्ष रोजगार पैदा करेंगे और 1.5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश को आकर्षित कर आर्थिक विकास के इंजन के रूप में काम करेंगे।

उद्योग के दृष्टिकोण से राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम देश की जरूरत है। यह बात अक्सर चर्चा में आती है कि यह भारत का समय है। भारत को एक वैश्विक उत्पादन केंद्र बनना होगा। तमाम तरह की वस्तुओं के उत्पादन व विश्व स्तर पर आपूर्ति में भी उसे आगे आना होगा। भू-राजनीतिक वजहों से भी उसके लिए वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने का समय आ गया है। औद्योगिक शहरों के बनने से निवेश को जमीन पर साकार करने का समय कम हो जाएगा। अब ऐसा परिवेश देना जरूरी है कि निवेशकों का समूह विनिर्माण या मैन्युफैक्चरिंग तंत्र का तेजी से विकास कर सके। ध्यान रहे, 2030 तक निर्यात में दो ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य को पाने के लिए विशेष औद्योगिक शहर चाहिए।

भारत की उच्च लॉजिस्टिक्स लागत चिंता का विषय रही है। उत्पादों के परिवहन का खर्च ज्यादा हो जाता है। जब औद्योगिक शहरों का विकास होगा, तो उत्पादों की परिवहन सुविधा बढ़ेगी और लागत घट जाएगी। उत्पादन या सामान परिवहन के मामले में भारत अपनी स्थिति सुधारने के प्रयासों में लगा है। इस मोर्चे पर रैंकिंग सुधारने के लिए 2022 में राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति (एनएलपी) की घोषणा की गई थी। जब एक ही औद्योगिक शहर में सभी जरूरी उत्पाद उपलब्ध होंगे, तो किसी भी वस्तु की निर्माण लागत में कमी आएगी। भारतीय उत्पादों को किफा

यती या विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्द्धी बनाने के लिए लागत को हर स्तर पर घटाना होगा, ताकि ग्राहकों को वाजिब मूल्य पर सामान उपलब्ध हो सकें।

शहरीकरण विकास की ही एक शाखा है। भारत में शहरी नियोजन में सुधार होना चाहिए। नए स्मार्ट शहर विकसित करके और 'वॉक टु वर्क' अवधारणा को बढ़ावा देकर हमें अपना नजरिया बदलना होगा। सुरक्षित भविष्य को ध्यान में रखते हुए इन शहरों में हरित टेक्नोलॉजी का उपयोग सुनिश्चित करना होगा। ऐसे शहरों का विकास केंद्र बनना जरूरी है, ताकि उनके आसपास जरूरी उत्पादन व सेवा के उद्यम स्थापित हो सकें। जब नौकरियां बनेंगी। आजीविका का सृजन होगा, तो देश का सामाजिक-आर्थिक उत्थान भी होगा।

औद्योगिक पार्क भारत के लिए नए नहीं हैं, पर उन्हें लेकर जो नई दृष्टि है, वह व्यापक है। मजबूत टिकाऊ ढांचे के लिए यह जरूरी है, तभी मैन्युफैंक्चरिंग इकाइयां बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगी। ताजा घोषणा से अनेक पहलू जुड़े हैं, पर हर पहलू में क्रियान्वयन सबसे अहम होगा। चार परियोजनाओं का पूरा होना व अन्य चार पर तेजी से काम होना शुभ संकेत है। यह काम देश में पहले ही हो जाना चाहिए था। खैर, भारत के औद्योगिक क्षेत्र को बदलने के प्रयासों को अब बढ़ावा मिलने लगा है।

**(ये लेखिका के अपने विचार हैं)**

# भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का विस्तृत क्षितिज

श्रीमती अनीता प्रवीण,
सचिव, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय

भारत दुनिया की सबसे बड़ी एवं सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और इसका खाद्य प्रसंस्करण उद्योग आर्थिक विकास को गति देने एवं खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में एक बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत सरकार ने विभिन्न व्यावहारिक पहलों के साथ-साथ सुधारों के एक नए युग की शुरुआत की है, जिसने भारत को तेजी से विकास के पथ पर ला खड़ा किया है। राष्ट्र न केवल अभूतपूर्व प्रगति एवं विकास का साक्षी बना है, बल्कि एक जीवंत एवं विविधतापूर्ण अर्थव्यवस्था द्वारा संचालित एक वैश्विक शक्ति के रूप में भी उभरा है। भारत सरकार की प्रगतिशील नीतिगत पहलों एवं उपायों के कारण, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र ने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है और मैन्यूफैक्चरिंग के सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) में 7.66 प्रतिशत और वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कृषि के जीवीए में 8.45 प्रतिशत का योगदान दिया है।

समृद्ध एवं विविधतापूर्ण कृषिगत संसाधनों से लैस भारत वैश्विक स्तर पर खाद्य उत्पादन के मामले में एक महत्वपूर्ण शक्ति है। दूध, पोषक अनाज, खाद्यान्न, फल, सब्जियां, चाय और मछली जैसी कई खाद्य पदार्थों का सबसे बड़ा उत्पादक होने के नाते, इसने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत का कृषि-खाद्य निर्यात बढ़कर 46.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो इस क्षेत्र की तीव्र प्रगति और इसके बढ़ते वैश्विक प्रभाव को दर्शाता है। कुल कृषि-खाद्य निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 2014-15 में 4.90 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 10.88 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई। नवाचार, निवेश और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के सही मिश्रण के साथ, यह क्षेत्र अपनी क्षमता का संपूर्ण दोहन करने और देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है।

भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में अपार एवं विविधतापूर्ण अवसर उपलब्ध हैं और इसका प्रत्येक उप-क्षेत्र विकास की अनूठी संभावनाएं प्रदान करता है। प्रौद्योगिकी के आगमन ने इस उद्योग में क्रांति ला दी है, जिससे खाद्य सुरक्षा, पैकेजिंग, लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला के प्रबंधन में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। ई-कॉमर्स में आए उछाल और उपभोग के लिए तैयार (रेडी-टू-ईट) व सुविधाजनक खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग ने इस क्षेत्र के विकास के नए रास्ते खोल दिए हैं, जिससे यह निवेशकों और उद्यमियों के लिए एक आकर्षक विकल्प बन गया है।



खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के समग्र विकास को सहायता प्रदान करने हेतु, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) ने ऐसी कई योजनाएं और पहल लागू की हैं जो बदलाव लाने और एक मजबूत इकोसिस्टम को बढ़ावा देने में अहम रही हैं। यह इकोसिस्टम सूक्ष्म, लघु, मध्यम एवं बड़े उद्यमों में नवाचार, निवेश और समावेशिता को प्रोत्साहित करता है। प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई) नाम की प्रमुख योजना ने खेतों से रिटेल आउटलेट तक कुशल आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के साथ आधुनिक बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इन प्रयासों से न केवल फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम किया जा सका है, बल्कि निर्यात क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके अलावा, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएस) भारत के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के विकास और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रमुख प्रयास है। मंत्रालय देश में सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की स्थापना/उन्नयन के लिए वित्तीय, तकनीकी और व्यावसायिक सहायता प्रदान करने हेतु केन्द्र प्रायोजित पीएम सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की औपचारिकीकरण योजना (पीएमएफएमई) भी लागू कर रहा है।

### 'वर्ल्ड फूड इंडिया': वैश्विक स्तर पर 'फूड बास्केट' के रूप में भारत

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा परिकल्पित 'वर्ल्ड फूड इंडिया' वैश्विक स्तर पर एक खाद्य प्रसंस्करण केंद्र के रूप में उभरने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह वार्षिक उत्सव एक ऐसे वैश्विक मंच के रूप में कार्य करता है, जो खाद्य मूल्य श्रृंखला के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित हितधारकों को एक साथ लाता है, पारस्परिक सहयोग को बढ़ावा देता है, ज्ञान साझा करने की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करता है और भारत को एक वैश्विक खाद्य प्रसंस्करण केन्द्र बनने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रेरित करता है। यह बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम 19 से 22 सितंबर 2024 के दौरान नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। पिछले संस्करणों की सफलता को आगे बढ़ाते हुए, इस वर्ष के आयोजन का लक्ष्य अपेक्षाकृत अधिक बड़ा और प्रभावशाली कार्यक्रम का संचालन करना है जो नेटवर्किंग और सहयोग के अद्वितीय अवसर प्रदान करे। मंत्रालय वैश्विक निवेशकों, व्यापारिक जगत की अग्रणी हस्तियों, खाद्य प्रसंस्करण कंपनियों, निर्यातकों, आयातकों, नवोन्मेषकों तथा सरकारी प्रतिनिधियों को इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में शामिल होने और भारत के विशाल खाद्य बाजार व आर्थिक अवसरों का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया है।

वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में पेट फूड, एचओआरईसीए (होटल, रेस्तरां और कैटरिंग) और फसल की कटाई के बाद (पोस्ट हार्वेस्ट) उपयोग में आने वाली मशीनरी सहित कई नए क्षेत्रों को समर्पित विशेष खंड शामिल होंगे। ये नए समावेश खाद्य उद्योग के उभरते परिदृश्य को दर्शायेंगे और इनका उद्देश्य विविध किस्म के निवेश व नवाचारों को आकर्षित करना है। यह आयोजन उद्योग जगत के हितधारकों के बीच ज्ञान साझा करने और सहयोग की सुविधा की दृष्टि से डिजाइन किए गए विभिन्न विषयगत सत्रों की एक श्रृंखला का आयोजन करेगा। इसके मुख्य विषयों में टिकाऊ पैकेजिंग प्रौद्योगिकियां; अपशिष्ट को न्यूनतम करना, मूल्य को अधिकतम करना; खाद्य-पदार्थ एवं व्यापार के मामले में क्रांतिकारी बदलाव लाना शामिल होंगे। ये सत्र विशेषज्ञों को चुनौतियों का समाधान करने, सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को साझा करने और सतत विकास के लिए उपयुक्त रणनीतियों का पता लगाने के लिए एक मंच प्रदान करेंगे। इसी के समानांतर, 'रिवर्स बायर सेलर मीट' अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों एवं भारतीय विक्रेताओं के बीच सीधे बातचीत को संभव बनाएगी, बाजार तक पहुंच सुलभ करेगी और नई साझेदारियों को बढ़ावा देगी।

उपरोक्त बातों के अलावा, भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा आयोजित वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन का आयोजन वर्ल्ड फूड इंडिया के साथ किया जायेगा। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता और नवाचार से संबंधित महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान हेतु वैश्विक खाद्य नियामकों के बीच निरंतर बातचीत एवं सहयोग को प्रोत्साहित करना है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय एक ऐसे जीवंत व सुदृढ़ खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है जो न केवल भारत की आर्थिक समृद्धि में योगदान दे, बल्कि देश के लोगों का कल्याण भी सुनिश्चित करे। साथ मिलकर, हम एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर सकते हैं, जहां विकसित भारत की आकांक्षाओं और एक आत्मनिर्भर राष्ट्र के सपने को साकार करते हुए भारत खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित होगा।

**(ये लेखक के विचार हैं)**

## घाटे का सौदा

गठबंधन के मुद्दे पर राहुल गांधी और हरियाणा के पार्टी नेता समान धरातल पर नहीं थे। गांधी संभवत: इंडिया गठबंधन में शामिल तमाम दलों को एकता का संदेश देना चाहते थे, लेकिन (अति) आत्म-विश्वास से भरपूर प्रदेश नेताओं को यह घाटे का सौदा लगा।

अब जाहिर है कि कांग्रेस नेतृत्व ने बिना होम वर्क किए आम आदमी पार्टी के सामने हरियाणा में गठबंधन करने का प्रस्ताव रखा। इस मुद्दे पर राहुल गांधी और हरियाणा के प्रमुख पार्टी नेता समान धरातल पर नहीं थे। गांधी संभवत: इंडिया गठबंधन में शामिल तमाम दलों को संदेश देने के लिए हरियाणा के चुनाव का इस्तेमाल करना चाहते थे, लेकिन अपनी जीत के (अति) आत्म-विश्वास से भरपूर प्रदेश नेताओं को यह घाटे का सौदा लगा। आखिरकार बात आगे नहीं बढ़ी।

इससे इंडिया गठबंधन में कुल मिलाकर नकारात्मक माहौल बना है। आ.आ.पा. नेताओं ने कहा है कि उनकी पार्टी को सम्मानजनक सीटें ना देने की जिद' किए कांग्रेस नेताओं को चुनाव नतीजा आने पर पछताना होगा। उधर अखिलेश यादव की टिप्पणी भी गौरतलब है। समाजवादी पार्टी के हरियाणा में चुनाव ना लडऩे का एलान करते हुए उन्होंने यह रेखांकित कर दिया कि प्रदेश विशेष में सबसे मजबूत पार्टी गठबंधन के स्वरूप के बारे में तय करे, वे इस सिद्धांत के अनुरूप यह निर्णय ले रहे हैं।

परोक्ष रूप से उन्होंने कहा है कि जब बात उत्तर प्रदेश की आएगी, तो वहां कांग्रेस नेताओं को भी इसी सिद्धांत के तहत सपा जो फैसला करे, उसे स्वीकार करना चाहिए। वहां कांग्रेस के उतने दावे को ही सपा स्वीकार करेगी, जो उसके मुताबिक भाजपा को हराने के मकसद से उचित होगा।

कुल सूरत यह उभरी है कि इंडिया गठबंधन की पार्टियां भाजपा को हराने के मकसद पर तो एकमत हैं, मगर इसके लिए वे अपने सियासी हितों से समझौता करने को राजी नहीं हैं। इस कारण इस गठबंधन की एकता सीट बंटवारे जैसे मुद्दे को लेकर अनेकता में बदल जाती है।

उधर कांग्रेस के बारे में सवाल उठा है कि क्या पार्टी की राज्य इकाइयां केंद्रीय नेतृत्व की प्राथमिकताओं से संचालित नहीं होतीं और क्या पार्टी में अंदरूनी संवादहीनता की स्थिति है? कांग्रेस नेतृत्व अगर आखिरी दौर में जाकर गठबंधन की पेशकश नहीं करता, तो ऐसे सवालों से बचा जा सकता था। आखिर आ.आ.पा. ने तो लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद कांग्रेस से गठबंधन खत्म करने का एलान कर दिया था। कांग्रेस ने ही ये मुद्दा फिर जिंदा किया।

**(आरएनएस)**

# पीएम जनमन से बैगा परिवारों की बदल रही तस्वीर व तकदीर

नसीम अहमद खान (उप संचालक जनसंपर्क)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए संचालित पीएम जनमन योजना (प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान) के चलते छत्तीसगढ़ राज्य अति पिछड़े जनजातीय समुदाय तकदीर और इनकी बसाहटों की तस्वीर तेजी से बदलने लगी है।

विशेष पिछड़ी जनजातियों के रहवासी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विकास होने लगा है। बरसों-बरस से आवास, स्वच्छ पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित इन जनजातीय समूहों को अब मिशन मोड में यह बुनियादी सुविधाएं सुभल होने लगी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पीएम जनमन योजना के सफल क्रियान्वयन से राज्य के सभी विशेष पिछड़ी जनजातीय इलाकों में बुनियादी विकास एवं निर्माण के कार्य तेजी से कराये जा रहे है। राज्य में पीएम जनमन योजना को शुरू हुए अभी एक साल का भी अरसा पूरा नहीं हुआ है, फिर भी छत्तीसगढ़ सरकार की प्रतिबद्धता के चलते इसके सार्थक परिणाम दिखाई देने लगे है। कबीरधाम जिले में प्रधानमंत्री जनमन योजना के चलते बैगा समुदाय की तकदीर और इनकी बसाहटों की तस्वीर बदलने लगी है।

राज्य के उत्तर-पश्चिम भाग में स्थित कबीरधाम, राजनांदगांव, मुंगेली, बिलासपुर और कोरिया जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के लोग निवास करते है। जनसंख्यात्मक दृष्टिकोण से बैगा, छत्तीसगढ़ राज्य की विशेष पिछड़ी जनजातियों में सर्वाधिक आबादी वाला जनजाति समुदाय है। छत्तीसगढ़ राज्य में उक्त 5 जिलों में बैगा समुदाय के 24 हजार 589 परिवार निवासरत है, जिसमें से लगभग 46 प्रतिशत यानि 11 हजार 261 परिवार कबीरधाम जिले में रहते हैं। कबीरधाम जिले के बोड़ला एवं पंडरिया में बैगा समुदाय के लोग निवास करते हैं। इस समुदाय की 38 बसाहटों में निवासरत 255 परिवारों के घरों में विद्युत सुविधा से रौशन किया जा चुका है, जबकि 56 बैगा बसाहटों को जोड़ने के लिए 186.20 किलोमीटर लम्बाई वाली 47 सड़कों के निर्माण के लिए 135.72 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी गई है। इनमें से 42 सड़कों के निर्माण प्रारंभ हो चुका है, जिसके अंतर्गत पक्की डामरीकृत सड़क एवं नदी-नालों पर पुल-पुलियों का निर्माण जारी है। कबीरधाम के पंडरिया विकासखंड के ग्राम भागड़ा, जामुनपानी, कामठी, कुई, मंगली सारपानी टाकटाईयां, बदना, गुडा, छिरहा, मुनमुना, नेउर और लालपुर में विशेष शिविर लगाकर बैगा समुदाय के लोगों के स्वास्थ्य एवं सिकलसेल की जांच के साथ ही 1870 बैगा परिवारों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए हैं। इन गांवों के 86 गर्भवती माताओं का सुरक्षित प्रसव कराया गया। स्वास्थ के प्रति जन-जागरूकता का विशेष अभियान संचालित करने का यह परिणाम है कि अब बैगा समुदाय की महिलाएं भी प्रसव के लिए सरकारी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में बिना झिझक आने लगी है।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा खेती-किसानी के लिए दी जा रही मदद के चलते अब बैगा समुदाय के लोग बेवर खेती को छोड़ परंपरागत तौर-तरीकों से खेती-किसानी करने लगे है। बेवर खेती दरअसल झूम खेती है। बैगा समुदाय के लोग एक स्थान पर स्थायी तौर पर निवास न करने के कारण बेवर यानी झूम खेती किया करते थे। बिना ब्याज के कृषि ऋण, अनुदान पर कृषि यंत्रों सहित अन्य सुविधाएं मिलने की वजह से बैगा समुदाय के लोग अब बेवर खेती को छोड़ स्थायी खेती करने लगे है। कबीरधाम जिले में शासन द्वारा बैगा समुदाय के लोगों को किसान क्रेडिट कार्ड एवं खेती-किसानी के लिए इस वर्ष 11.70 लाख रूपए का कृषि ऋण दिया जा चुका है। ग्राम दमगढ़ निवासी समेलाल बैगा के पास 5.5 एकड़ कृषि भूमि है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत उन्होंने एक लाख रूपए ऋण लेकर अपनी कृषि भूमि पर धान की खेती के लायक बना दिया है। समेलाल का कहना है कि धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी और राशि का तत्काल भुगतान होने से उन्हें कृषि से लाभ होने लगा है। ग्राम रोखनी के राजकुमार बैगा के पास 02 एकड़ कृषि भूमि है। प्रधानमंत्री जनमन योजना से ऋण लेकर उन्होंने खेत का सुधार कराया है और धान की खेती की है। फसल अच्छी होने की वजह से उन्हें, इससे लाभ होने की उम्मीद है। नवीन क्रेडिट कार्ड से ऋण मिलने से खेती की जरूरतें पूरी होने लगी है।

पीएम-जनमन योजना के चलते कबीरधाम जिले की 260 बैगा बसाहटों में सोलर पंप, पानी टंकी, पाईप लाईन के माध्यम से बैगा परिवारों के घरों में नल से जल की आपूर्ति का काम तेजी से कराया जा रहा है। वर्तमान में विकासखंड बोड़ला के 181 बसाहटों में से 62 बसाहटों में सोलर पंप, पानी टंकी, पाईप लाईन के माध्यम से जलापूर्ति शुरू कर दी गई है, शेष 119 बसाहटों में नल कनेक्शन दिए जाने का काम जारी है। पंडरिया ब्लॉक अंतर्गत 78 बैगा बसाहटों में से 18 बसाहटों में नल से जल प्रदाय करने का काम पूरा हो चुका है, जबकि शेष बसाहटों में पानी टंकी निर्माण कार्य, पाईप लाईन बिछाने का काम जारी है। बैगा बसाहटों में पेयजल के लिए पहले से हैण्डपंप स्थापित है।

प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत कबीरधाम जिले में 8 हजार 596 विशेष पिछड़ी जनजाति के तहत बैगा समुदाय के परिवारों का सर्वे में 8 हजार 440 परिवार बैगा परिवार आवास के लिए पात्र पाए गए है, जिनमें से 7853 का परिवारों का पंजीयन आवास पोर्टल में किया गया है एवं 7394 परिवारों को आवास की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत परिवारों में से 6 हजार 678 हितग्राहियों को प्रथम किश्त, 3031 हितग्राहियों को द्वितीय किश्त एवं 1081 हितग्राहियों को तृतीय किश्त की राशि ऑनलाईन डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की जा चुकी है। बैगा समुदाय के रहवासी इलाकों में 4 छात्रावास, 39 आंगनबाड़ी केन्द्र, 2 वनधन केन्द्र, 13 बहुद्देशीय केन्द्र सहित कुल 370 कार्यों की स्वीकृति दी गई हैं, जिन्हें तेजी से पूरा कराया जा रहा है।

**(ये लेखक के विचार हैं)**











रमन आई. टी. आई.
Affiliated By N.C.V.T. & D.G.T. R.N.-6/35/4/2016
बाबा दीप सिंह नगर, वैशाली नगर, भिलाई
कोपा TALLY & GST FREE
कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट
पाठ्यक्रम अवधि -1 वर्ष
100% JOB ORIENTED
स्टेनो हिन्दी
पाठ्यक्रम अवधि -1 वर्ष
TALLY & GST FREE

ADMISSION OPEN
7773027492, 7389471941
शासन द्वारा छात्रवृत्ति



# श्रीकंचनपथ
भिलाई–दुर्ग



ITR फाईल बनवाएं मात्र 499/-
• TDS रिफंड • GST रजिस्ट्रेशन • इनकम TAX फाइल
• प्रोजेक्ट रिपोर्ट • MSME रजिस्ट्रेशन • GST रिटर्न फाइल
• CMA DATE • फूड लाइसेंस • BALANCE SHEET
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
संपर्क : शेखर गुप्ता, मो. 93007-55544, 8878655544
D-6 सेक्टर-2, गुरुद्वारा के सामने देवेन्द्र नगर रायपुर




## खास खबर

### नौजवानों ने किया रक्तदान, अंचल की प्रमुख हस्तियों का हुआ सम्मान

**भिलाई।** सैयय्दी सुन्नी जामा मस्जिद मजार कमेटी भिलाई–तीन में जश्ने ईद मिलाद–उन–नबी सिलसिले में आयोजनों का समापन आम लंगर के साथ हुआ। इसके पहले कमेटी की ओर से स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर व अंचल के गणमान्य लोगों का सम्मान करने समारोह आयोजित किया गया। कमेटी के रक्तदान शिविर में नौजवानों ने 27 यूनिट रक्तदान किया गया जो जरूरतमंदों को निशुल्क उपचार हेतु उपलब्ध कराया जाएगा। इसके उपरांत दरगाह शरीफ परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया। जिसमें सर्वप्रथम पैगंबर हज़रत मुहम्मद सल्ललाहु अलैहि वसल्लम के दुनिया में आमद पर विभिन्न लोगों ने विचार व्यक्त किए। मौलाना सैफउल्लाह ने बताया कि पैगम्बर हजरत मुहम्मद ने दुनिया में इंसानियत को अल्लाह तक पहुंचने का सच्चा मार्ग बताया जिससे लोग अल्लाह को पा सके। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ बीईटीओ सैय्यद असलम ने कहा कि प्यारे नबी की पाकीजा जिंदगी अपनाने से दुनिया में बेहतरीन समाज बना, लोग अल्लाह की इबादत की तरफ रुजू हुए, आपस में इंसाफ क़ायम हुआ और औरतों को इज्जत मिली। डॉ जीएस चंद्राकर ने जश्ने ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद देते हुए कहा कि भिलाई–तीन सामाजिक सद्भावना की मिसाल है।

### प्रयास आवासीय विद्यालय की छात्राओं को कराया गया आई.आई.टी. भिलाई का शैक्षणिक भ्रमण

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत जिले में प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में उक्त विद्यालय का परीक्षा परिणाम बहुत अच्छा होने पर वर्ष 2024–25 में अध्ययनरत कक्षा 11वीं के 48 एवं कक्षा 12वीं के 42 कुल 90 बालिकाओं को शैक्षणिक उद्देश्य से आई.आई.टी. भिलाई (जेवरा सिरसा) का भ्रमण कराया गया। सहायक कलेक्टर श्री मोहन भार्गव, संयुक्त कलेक्टर श्री मुकेश रावटे एवं डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम ध्रुव के सौजन्य से सहायक आयुक्त आदिवासी विकास दुर्ग श्री हेमन्त कुमार सिन्हा द्वारा भ्रमण की व्यवस्था की गई। जिसमें सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री सिन्हा, प्रशासकीय अधिकारी, शिक्षक एवं छात्रावास के अधीक्षक, अधीक्षिकाएं सम्मिलित हुए। भ्रमण से छत्तीसगढ़ के घोषित अनुसूचित क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च प्रकृति के संस्था में प्रवेश लेकर पढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

### स्वच्छता ही सेवा 2024 अंतर्गत ग्राम पंचायतों में विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों का हुआ आयोजन

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ अश्वनी देवांगन के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा 2024 अंतर्गत 17 सितम्बर 2024 से 02 अक्टूबर 2024 तक सभी ग्राम पंचायतों में विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्रा.पं. रिसामा, ग्रा.पं. बरहापुर एवं ग्रा.पं. जामगांव आर में विकासखंड स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता से संस्कार स्वच्छता की थीम पर ग्रामीणों की भागीदारी के साथ गांव में ब्लैक स्पॉट सूखे कचरे की सफाई कर ग्रामीणों द्वारा स्वच्छता शपथ, स्वच्छता खेल, रैली, पेंटिंग, सेल्फी जोन, एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम गतिविधियों का आयोजन किया गया।

# वजन त्यौहार में जिला स्तर के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाए - कलेक्टर चौधरी

- शत-प्रतिशत् स्कूली बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाया जाए
- ओबीसी सर्वे पर प्रगति लाए नगरीय निकाय
- भारत सरकार की परियोजनाओं से प्रभावित किसानों का मुआवजा भुगतान समय पर हो
- विभागों को उपलब्ध 15 वर्षों से पुरानी शासकीय वाहनों की जानकारी देवें अधिकारी
- बाढ़ प्रभावितों को राहत मुआवजा राशि वितरण प्रारंभ करें अधिकारी
- स्कूलों में मध्यान्ह भोजन पकाने हेतु गैस सिलेण्डर का उपयोग किया जाए



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज अधिकारियों की बैठक में कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में संचालित वजन त्यौहार की मॉनिटरिंग हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाए। कलेक्टर के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ने वजन त्यौहार के दौरान बच्चों के वजन नापने की प्रक्रिया का विस्तारपूर्वक अधिकारियों को जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि वजन त्योहार के दौरान गुणवत्तापूर्ण कार्य हेतु अधिकारियों को मॉनिटरिंग का कार्य सौंपा जा रहा है। अधिकारी आंगनबाड़ी केन्द्र जहां पर वजन त्यौहार के दौरान बच्चों की जांच कर ली गई हो, ऐसे आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर 1–2 बच्चों के वजन और ऊंचाई की जांच समक्ष में कराएं। इसके अलावा केंद्र में रनिंग वॉटर, बिजली व पंखे की व्यवस्था और गैस सिलेण्डर की उपयोगिता आदि का भी अवलोकन करना है।

कलेक्टर चौधरी ने विगत दिवस कलेक्टर कान्फ्रेंस में जिले में विभागीय कार्यों की स्थिति साझा करते हुए अधिकारियों से कहा कि प्रदेश में जिले का स्थान टॉप 5 से ऊपर हो इस पर अधिकारी विशेष ध्यान देवें। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी से स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाई जाए। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को ऐसे स्कूली बच्चे जो दूसरे जिले से इस जिले के विद्यालय में अध्ययनरत् है, जिनका जाति प्रमाण पत्र इस जिले से नहीं बन सकता ऐसे बच्चों की विद्यालयवार संख्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराने कहा। उन्होंने कहा कि ऐसे विद्यार्थियों के प्रकरण संबंधित जिले के जिला शिक्षा अधिकारियों को भेज कर जाति प्रमाण पत्र बनवाने पहल किया जाए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनवाने हाई–स्कूल स्तर पर संबंधित क्षेत्र के एसडीएम एवं तहसीलदार से समन्वय कर शिविर लगाने के निर्देश दिए। शासन के दिशा–निर्देशों के अनुसार जाति प्रमाण पत्र बनाई जाए। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे बच्चे जिनके पालक के पास जाति के संबंध में कोई आधार न हो, ऐसे स्थिति में ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित जाति को मान्य किया जाए और इसके आधार पर बच्चे का जाति प्रमाण पत्र बनाया जाए।

कलेक्टर चौधरी ने एकीकृत किसान पोर्टल में कृषकों के पंजीयन के संबंध में अवगत कराया कि किसानों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्विन करने की दृष्टि से कृषक पंजीयन की प्रक्रिया के सरलीकरण हेतु एकीकृत किसान पोर्टल विकसित किया गया है। इस हेतु शासन द्वारा जारी दिशा–निर्देश अनुसार एकीकृत किसान पोर्टल में किसानों का नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल/रकबे में संशोधन की कार्यवाही 31 अक्टूबर तक की जाएगी। पोर्टल में पंजीकृत किसानों के डाटा का कैरी फारवर्ड करने, नवीन कृषकों के पंजीयन/संशोधन की कार्यवाही प्राथमिक कृषि शाख–सहकारी समिति स्तर से किया जाना है।

## बृजमोहन अग्रवाल बने छत्तीसगढ़ तैराकी एसोसियेशन के अध्यक्ष




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ तैराकी एसोसियेशन की कार्यकारिणी की बैठक श्री राम वाटिका विशाल नगर, रायपुर हुई। छत्तीसगढ़ राज्य में स्वीमिंग खेल की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये सांसद बृजमोहन अग्रवाल अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से मनोनित किया गया। छत्तीसगढ़ तैराकी एसोसियेशन के अध्यक्ष पद पर बृजमोहन अग्रवाल को मनोनित करने छत्तीसगढ़ तैराकी एसोसियेशन के पूर्व अध्यक्ष गोपाल खंडेलवाल ने प्रस्ताव रखा जिसका समर्थन सचिव सहीराम जाखड़ ने किया जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित करते हुये सांसद बृजमोहन अग्रवाल को सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किया गया। सहीराम जाखड़ यथावत पूर्व की भांति छत्तीसगढ़ तैराकी एसोसियेशन के सचिव पद पर अपने कार्य का निर्वहन करते रहेंगे।

इस मौके पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल जी ने छत्तीसगढ़ तैराकी एसोसियेशन के सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में स्वीमिंग खेल की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये हर जिलों में अंर्तराष्ट्रीय स्तर का स्वीमिंग पुल तैयार करके वहां के खिलाडियों को राष्ट्रीय/अर्तराष्ट्रीय स्तर के लिये तैयार किया जायेगा तथा भिलाई खेलों की राजधानी है वहां अंर्तराष्ट्रीय स्तर का स्वीमिंग पुल बनाने की प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरु की जायेगी। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि स्वीमिंग खेल को गति देने के लिये जिस तरह की भी सहायता या जरुरत होगी उसके लिये हर संभव प्रयास किया जायेगा।

छत्तीसगढ़ तैराकी एसोसियेशन के पदाधिकारियों द्वारा गोपाल खंडेलवाल का छत्तीसगढ़ तैराकी एसोसियेशन को दिये गये योगदान को देखते हुये छत्तीसगढ़ तैराकी एसोसियेशन में कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर सर्वसम्मति से मनोनित किया गया।

## बीएसपी द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविरों से आमजन हो रहे लाभान्वित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन अपने आस–पास के परिधीय क्षेत्रों एवं खदान क्षेत्रों में किया जाता है।

इसी के तहत 18 सितम्बर 2024 को ग्राम धौराभाठा में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। धौराभाठा में आयोजित चिकित्सा शिविर में कुल 23 लोगों की जांच करके उनको दवाई वितरण किया गया। प्रात: 10 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के अतिरिक्त नि:शुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। चिकित्सा शिविर में सीएसआर मेडिकल टीम से चिकित्सक डॉ एम सरस्वती, शुगर एवम बीपी परीक्षण के लिए फिरोजा जोसफ, फ र्मासिस्ट ए जी गौर तथा पंजीयनकर्ता शंभू दयाल तथा विभाग की ओर से माहरा राम उपस्थित थे। इसी क्रम में विगत दिनों दुलकी माइन्स के समीप स्थित ग्राम कमकासुर तथा ग्राम पीपरछेड़ी में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर में कुल 73 लोगों की जांच कर उन्हें दवाई वितरित किया गया। 14 सितम्बर 2024 को ग्राम पीपरछेड़ी में आयोजित चिकित्सा शिविर में 15 पुरुष, 22 महिला एवं 06 बच्चे सहित कुल 43 लोगों की जांच करके दवाई वितरण किया गया।

# रिक्त पदों को भरने एमआईसी ने भेजा प्रस्ताव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली।** स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए नगर पालिक निगम दो चलित शौचालय समेत दो शव वाहन खरीदेगा। रिसाली महापौर शशि सिन्हा के इस विशेष प्रस्ताव पर एमआईसी सदस्यों ने शासन को भेजने का निर्णय लिया। वहीं नगर पालिक निगम रिसाली के रिक्त पदों को भरने और नवीन पद सृजन करने का निर्णय लेकर परिषद ने प्रस्ताव शासन की ओर अग्रेसित किया है।

बुधवार को महापौर परिषद के सदस्यों ने घंटे भर तक दर्जन भर एजेण्डा में मंथन किया। परिषद के सदस्यों का कहना था कि किसी भी बड़े आयोजन आयोजित होने पर कार्यक्रम स्थल पर शौचालय नहीं रहता। रिसाली को दूसरे



निकाय पर निर्भर रहना पड़ता है।

इसी तरह एक शव वाहन न होने से पीड़ितों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। महापौर परिषद के सदस्यों ने चलित शौचालय और शव वाहन खरीदने शासन को प्रस्ताव भेजा है। एमआईसी बैठक में चन्द्रभान सिंह ठाकुर, अनुप डे, गोविन्द चतुर्वेदी, सनीर साहू, सोनिया देवांगन, परमेश्वर कुमार, डॉ. सीमा साहू आदि उपस्थित थे।

**पुराने की जगह बनेगा नया:** वार्ड 31 शहीद किरण देशमुख रिसाली बस्ती का सासंस्कृतिक भवन 3 दशक पुराना है। यहीं वजह है कि सांस्कृतिक भवन वर्तमान में जर्जर हो चुका है। महापौर परिषद के सदस्यों ने निर्णय लिया है कि जर्जर भवन को तोड़कर नया भवन बनाया जाए।

**मुक्तिधाम में होगा वॉचमेन:** नगर पालिक निगम रिसाली के मुक्तिधाम में निगम प्रशासन सभी पीड़ितों को निशुल्क लकड़ी उपलब्ध करा रही है। मुक्तिधाम पहुंचे पीड़ितों को असुविधा का अभाव न हो इसके लिए वॉचमेन की व्यवस्था की जाएगी। इस प्रस्ताव पर सभी सदस्यों ने मुहर लगाई है।

# राजभाषा पखवाड़ा-2024 का उद्घाटन समारोह संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग द्वारा 18 सितंबर 2024 को कार्यपालक निदेशक सभागार में राजभाषा पखवाड़ा–2024 का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेशक पवन कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर उपस्थित थे। साथ ही कार्यक्रम में संयंत्र के कार्यपालक निदेशकगण, मुख्य महाप्रबंधकगण, हिंदी समन्वय अधिकारीगण व हिंदी प्रेमीजन उपस्थित थे।




इस अवसर पर एक कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें आमंत्रित कवियों यशवंत कुमार साहू, सहायक महाप्रबंधक नगर सेवाएँ, मनोरमा कुमारी निरीक्षक/कार्यपालक, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, इकाई भिलाई इस्पात संयंत्र तथा किशोर कुमार तिवारी, इंजीनियरिंग एसोसिएट, मार्स ने राष्ट्रप्रेम, हिंदी साहित्य और हिंदी के गौरव पर केन्द्रित अपनी स्वरचित कविताओं से श्रोताओं को अभिभूत कर दिया तथा खूब तालियाँ बटोरीं। मुख्य अतिथि पवन कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज अनेक भाषाएँ एवं बोलियाँ विलुप्ति की कगार पर हैं, जो कि हिंदी का ही रूप हैं। हमें हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग कर इन भाषाओं को विलुप्त होने से बचाना है। वर्तमान में अखिल विश्व सहित भारत के हिंदी भाषी प्रदेशों में भी हिंदी का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने दिल्ली में 14 सितंबर 2024 को भारत मंडपम् में आयोजित अखिल भारतीय हिंदी दिवस एवं चतुर्थ हिंदी सम्मेलन के अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि, दिल्ली में तमिल भाषी साहित्यकार प्रोफेसर एम. गोविंदराजन ने दक्षिण भारत में हिंदी के प्रयोग और हिंदी के प्रति बढ़ते अनुराग के विषय में महत्वपूर्ण तथ्य बताए। भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा भारतीय भाषा अनुभाग की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि, हिंदी वैश्विक भाषा है। हम हिंदी के प्रति पूर्णत: समर्पित हैं और हिंदी के विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन का क्रम लगातार जारी रहेगा। विशिष्ट अतिथि संदीप माथुर ने हिंदी में समस्त कार्यालयीन कार्य करने की बात दोहरायी तथा आगामी 23 सितंबर को भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आयोजित होने जा रहे कवि सम्मेलन का लाभ लेने समस्तजनों का आह्वान किया। इस अवसर पर अतिथिगण ने राजभाषा पखवाड़ा के पोस्टर का अनावरण किया।

# बीएसपी के सतर्कता एवं शिक्षा विभाग ने सिखाया मूल्यों के साथ जीवन जीना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र के सतर्कता एवं शिक्षा विभाग की संयुक्त पहल से बीएसपी स्कूल के बच्चों में नैतिक मूल्यों को विकसित करने के कार्यक्रम के तहत, सुनीति उद्यान सेक्टर–8 में के लिए एथिक्स क्लब निर्माण किया गया है। दिनांक 18 सितम्बर 2024 को सेल–बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के मुख्य आतिथ्य में एवं कार्यपालक निदेशकों की उपस्थिति में, स्वच्छता ही सेवा–2024 के अंतर्गत एथिक्स क्लब में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

एथिक्स क्लब में आयोजित कार्यक्रम में 8 बीएसपी स्कूलों से 80 बच्चे उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत में भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न शालेय छात्रों द्वारा, नैतिक मूल्यों पर आधारित वाल मैगजीन और पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। साथ ही अतिथियों को विद्यार्थियों



द्वारा नैतिक मूल्यों के बारे में बताया गया।

मुख्य अतिथि ने शालेय छात्रों द्वारा चित्रित नैतिकता, अखंडता, देशप्रेम, सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, सद्भावना आदि पर संदेशों की समीक्षा करने के बाद, एथिक्स क्लब का ध्वज वंदन किया। इस दौरान एथिक्स क्लब के सदस्य बच्चों ने नीतिगान का गायन किया गया और नैतिकता की शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात इस आयोजन में एथिक्स क्लब के सदस्य बच्चों द्वारा, विभिन्न 12 नैतिक मूल्यों पर विचार व्यक्त करते हुए, नैतिकता के 12 स्मारकों– अखंडता, देशभक्ति, सहिष्णुता, धर्मनिरपेक्षता, सादगी, ईमानदारी, प्रेम, करुणा, जिम्मेदारी, सम्मान, अहिंसा और एकता के बारे में विस्तार से बताया।

मुख्य अतिथि,अनिर्बान दासगुप्ता ने सभी को सम्बोधित करते हुए यंग चैम्पियंस द्वारा नैतिक मूल्यों की साझा जानकारी के प्रस्तुतिकरण की सराहना की। उन्होंने सारगर्भित तरीके से बच्चों से कहा कि आपने नैतिक मूल्यों को लेकर जो भी कहा या बताया, वास्तव में यदि यह आपके भीतर से आ रहा है, तब ही इसका कोई अर्थ है। और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आप इन 12 नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में ढालें और उस पर अमल भी करें। उन्होंने कहा यह निश्चित रूप से आपको जीवन के सभी क्षेत्रों चाहे वह शैक्षणिक रूप से प्रतिभाशाली बनना हो, एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज हो या संचार कौशल को सहज और अच्छा बनाना हो यह नैतिक मूल्य सहायक होते हैं। लेकिन जब तक हमारे नैतिक मूल्यों का आधार मजबूत नहीं होगा, तब तक हम जीवन में प्रगति या उन्नति नहीं कर सकते। उन्होंने 'वसुधैव कुटुंबकम' पर जोर देते हुए कहा कि आज पूरे विश्व में हो रहे पतन का भी मुख्य कारण नकारात्मक लक्षण, निषेधात्मक व्यवहार, कट्टरपंथी विचारधारा और व्यवहार आदि है, जो किसी के लिए भी हितकर नहीं है। इन आयोजनों में उपस्थित बच्चों और अतिथियों के बीच नैतिकता पर आधारित बातचीत, सवाल–जवाब आदि का एक रोचक इंटरैक्टिव सत्र हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि सहित सभी विशेष अतिथियों ने नैतिकता पर आधारित वर्तमान परिपेक्ष्य का उदाहरण देते हुए बच्चों की जिज्ञासा को शांत किया। कार्यक्रम का संचालन एवं समारोह के अंत में धन्यवाद ज्ञापन शिक्षा विभाग की सुश्री सरिता बहल द्वारा किया गया।

ज्ञात हो कि भिलाई इस्पात संयंत्र ने सतर्कता और शिक्षा विभाग की मदद से एक एथिक्स क्लब का गठन किया है, जिसका आदर्श वाक्य है– 'मूल्यों के साथ जीवन जीना'। इस पहल का उद्देश्य समाज में नैतिकता, अखंडता और ईमानदारी के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए इन बच्चों को नाटक, ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता आदि जैसी गतिविधियों से परिचित कराना है।


Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Premier sales: 8959493000
A Leela Electronics: 9425507772
Reena Electronics: 9329132299
Shree Electronics: 7000827361
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

# स्वच्छता ही सेवा अभियान : विद्यार्थियों ने दिया सकारात्मक सन्देश

## पार्षद स्थानीय व रहवासियों ने पौधे लगाकर किया वातावरण को हरा-भरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** केन्द्र सरकार के आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय, छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, रायपुर जिला प्रशासन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा निगम क्षेत्र में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेशानुसार एवं अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत आज नगर निगम जोन नम्बर 7 द्वारा महोबा बाजार शासकीय शाला में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विद्यार्थियों के मध्य स्वच्छता पर आधारित चित्रकला स्पर्धा रखी गयी।

केनवास पर सुन्दर चित्र उकेरकर विद्यार्थियों ने स्वच्छता को लेकर जन -जन को सकारात्मक सन्देश स्कूल के शिक्षक ङ्क शिक्षिकाओं सहित जोन 7 जोन कमिश्नर प्रीति सिंह, कार्यपालन अभियंता सुशील मोडेस्टस, सहायक अभियंता गोविन्द साहेब बंजारे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू की उपस्थिति में दिए। वहीं जोन 9 के क्षेत्र में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वच्छता पर आधारित रंगोली एवं चित्रकला स्पर्धा विद्यार्थियों के मध्य स्वच्छता जागरूकता को लेकर रखी गयी, जिसमें उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वच्छता के सुन्दर सकारात्मक सन्देश रंगोली बनाकर और केनवास पर सुन्दर चित्र उकेरकर शिक्षक ङ्क शिक्षिकाओं सहित नगर निगम के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि हेमंत पटेल, जोन 9 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता के. के. शर्मा, पद्माकर श्रीवास, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अदिव्य हजारी, स्वच्छता निरीक्षक भोला तिवारी की उपस्थिति में दिए। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि एवं जोन 9 जोन कमिश्नर ने विद्यार्थी बच्चों की प्रतिभा को सराहा एवं उन्हें नगर निगम जोन 9 की ओर से प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत किया। विद्यार्थियों एवं शिक्षक ङ्क शिक्षिकाओं सहित वार्ड पार्षद प्रतिनिधि हेमंत पटेल, जोन 9 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय एवं जोन 9 अधिकारियों ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सामूहिक स्वच्छता शपथ मोवा स्कूल में ली।




नगर निगम जोन क्रमांक 5 के क्षेत्र में भक्त माता कर्मा वार्ड नम्बर 67 के अंतर्गत भाठागांव बीएसयूपी कॉलोनी परिसर में वार्ड पार्षद उत्तम साहू ने जोन 5 जोन कमिश्नर विमल शर्मा, कार्यपालन अभियंता लाल महेंद्र प्रताप सिंह, जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा और बीएसयूपी कॉलोनी के रहवासियों के साथ मिलकर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत पीपल, आम, नीम, बेल आदि प्रजातियों के 70 पौधे उनकी सुरक्षा एवं देखभाल अपनी संतान की भांति करने का समाज हित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से सामूहिक संकल्प लेकर रोपित करते हुए बीएसयूपी आवासीय कॉलोनी को हरा- भरा बनाया।

## खास खबर...



### रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव कांग्रेस ने चुनाव संचालन समिति का किया गठन

**रायपुर ( ए. )।** रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर उपचुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। विधायक बृजमोहन अग्रवाल के इस्तीफे के बाद यह सीट खाली पड़ी थी, और अब इस पर उपचुनाव होने वाला है। इसको लेकर कांग्रेस पार्टी ने चुनाव संचालन समिति का गठन किया है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर गठित इस समिति में छह पूर्व मंत्रियों सहित 9 प्रमुख नेताओं को शामिल किया गया है। समिति में सत्यनारायण शर्मा, धनेन्द्र साहू, रविंद्र चौबे, मोहन मरकाम, शिव कुमार डहरिया, और जय सिंह अग्रवाल जैसे अनुभवी नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, रुचिर गर्ग, और रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष उधोराम वर्मा को भी इस समिति में शामिल किया गया है।

गौरतलब है कि बृजमोहन अग्रवाल रायपुर दक्षिण सीट से विधायक चुने गए थे, लेकिन रायपुर से सांसद चुने जाने के बाद उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। अब इस सीट पर उपचुनाव होगा, जिसके लिए कांग्रेस ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 22 को

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई एवं रामकृष्ण हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ शिविर का अयोजन 22 सितंबर रविवार को रामकृष्ण हॉस्पिटल में आयोजित किया जा रहा है। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई के अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया नि:शुल्क स्वास्थ शिविर में बीस डॉक्टर अपनी नि:शुल्क सेवा देंगे जिसमें डॉ. संदीव दवे ( जनरल सर्जरी विशेषज्ञ), डॉ. जावेद अली खान (हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ. विनोद आहूजा (कार्डियक सर्जन) ,डॉ. प्रकाश चौधरी (किडनी रोग विशेषज्ञ), डॉ. धीरज प्रेमचंदानी (लीवर विशेषज्ञ), डॉ. चेतना रमानी (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. साकेत अग्रवाल (पेट रोग विशेषज्ञ), डॉ पंकज धाबलिया ( हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. पवन जैन (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ. अजीत शदाणी (एम डी मेडिसिन), डॉ. राहुल पाठक (मष्टिक रोग विशेषज्ञ), डॉ. उज्जवला वर्मा (स्किन स्पेशलिस्ट), डॉ. नवीन खूबचंदानी (प्लास्टिक सर्जन), डॉ. निखिल मोतीरामानी) साथ में सिंधु डॉक्टर फोरम की टीम में डॉ. एन डी गजवानी, डॉ किरण माखीजा, डॉ प्रकाश कटारिया, डॉ पवन भावनानी अपनी सेवा देंगे। इसके साथ 8 प्रकार की नि:शुल्क जांच रखी गई है जिसमें (कंप्लीट ब्लड काउंट, शुगर टेस्ट, बीपी टेरर, ईसीजी, टी एस एच टेस्ट, लिपिड प्रोफाइल, बीएमआई, यूरिक एसिड की जांच होगी। शिविर का लाभ लेने के लिए आप 9074910000, 9993909451, 9009488526, 7974298356, 9926333624 एवं 07716165656 इन नंबरों पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

# वीआईपी और वीवीआईपी की सुरक्षा के लिए तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को दिए निर्देश

## उपपुलिस अधीक्षक ने समीक्षा बैठक लेकर की विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर। रायपुर जिले में वीआईपी और वीवीआईपी की सुरक्षा के लिए तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक पुलिस ट्रांजिट मेंस, पुलिस लाइन रायपुर के सभागार में पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, रायपुर के निर्देशन में की गई। बैठक की अध्यक्षता उप पुलिस अधीक्षक, लाइन, रायपुर निलेश कुमार द्विवेदी ने की।



बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिनमें सुरक्षा खतरे का आकलन, सुरक्षा योजना तैयार करना, और सुरक्षा से संबंधित गोपनीय विषय शामिल थे। विभिन्न सुरक्षा श्रेणी वाले व्हीआईपी के निवास स्थानों पर तैनात स्टैटिक गार्ड कमांडर से बारी-बारी से औपचारिक पूछताछ की गई और ड्यूटी के दौरान आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की गई। बैठक में यह भी बताया गया कि छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की 04 कंपनियां जम्मू-कश्मीर चुनाव ड्यूटी पर भेजी गई हैं, और चुनाव के बाद इन कंपनियों को वापस बुलाकर व्हीआईपी सुरक्षा के लिए तैनात किया जाएगा।

बैठक में गार्ड कमांडरों को यह निर्देश दिया गया कि जवानों को उचित वर्दी, फायर टास्क, और सुरक्षा मानकों के अनुरूप ड्यूटी निभाने की जानकारी दी जाए। उन्हें स्थानीय पुलिस थानों के प्रभारी अधिकारियों के संपर्क नंबर रखने और जवानों के अनुशासन को बनाए रखने पर जोर दिया गया। बैठक में उपस्थित कर्मचारियों को उनके शारीरिक और मानसिक फिटनेस बनाए रखने के लिए व्यायाम, हथियारों की देखभाल, और अनुशासन बनाए रखने पर विशेष निर्देश दिए गए। इस बैठक में रक्षित निरीक्षक वैभव मिश्रा, कंपनी कमांडर शरबराज सिन्हा, प्लाटून कमांडर रामूराम नरेटी, और लगभग 120 कर्मचारी उपस्थित थे।

# विपश्यना केन्द्र में पहला दस दिवसीय शिविर 22 सितंबर से



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर में नवनिर्मित पहले विपश्यना ध्यान केन्द्र धम्मकुटी में पहला दस दिवसीय विपश्यना ध्यान शिविर का आयोजन 22 सितंबर से किया जा रहा है। 22 सितंबर से 3 अक्टूबर 2024 तक आयोजित शिविर का संचालन रायपुर के सहायक आचार्य गंगाराम प्रजापति करेंगे।

छत्तीसगढ़ विपश्यना केन्द्रों के आचार्य डॉ सीताराम साहू ने बताया कि नवनिर्मित ध्यान केन्द्र सर्वसुविधायुक्त तथा ध्यान के अनुकूल मापदंडों पर निर्मित है। साधकों एवं आचार्यों के ठहरने के लिए 53 कक्ष हैं। डॉ साहू ने बताया कि विपश्यना ध्यान की शिक्षा नि:शुल्क ही दी जाती है तथा भोजन एवं आवासीय व्यवस्था कृतज्ञ साधकों के स्वैच्छिक दान से होता है। 20 वर्ष से अधिक उम्र के इच्छुक व्यक्ति शिविर में सम्मिलित हो सकते हैं। धम्मकुटी में विपश्यना ध्यान के लिए अगले एक वर्ष का कैलेंडर भी जारी कर दिया गया है जिसमें प्रतिमाह एक दस दिवसीय शिविर का आयोजन किया जाना है। इस कड़ी में अगले माह 13 से 24 अक्टूबर , 7 से 18 नवंबर तथा 8 से 19 दिसंबर तक दस दिवसीय विपश्यना ध्यान शिविर आयोजित है। इच्छुक व्यक्ति रजिस्ट्रेशन के लिये https://www.dhamma.org/en/schedules/schkuti में जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं तथा आवेदन कर सकते हैं। मो. 9926342705 पर महेन्द्र प्रसाद से अथवा 6268655951 पर संजय अग्रवाल से संपर्क कर सकते हैं।

केन्द्री के पास सिंगारभाठा में निर्मित यह ध्यान केन्द्र दुर्ग और बिलासपुर के बाद प्रदेश का तीसरा विपश्यना ध्यान केन्द्र है। विपश्यना, दैनिक जीवन के तनाव और कठिनाईयों को शांत एवं संतुलित तरीके से सामना करने के लिये स्व-सजगता की व्यावहारिक विधि है। जीवन-जीने की इस कला से मानसिक विकार दूर होते हैं। आज के तनाव भरे जीवन में युवाओं को विशेषकर लाभ मिला है। आनापान के माध्यम से व्यक्ति अपने श्वास को देखते हुए अपने अंदर हो रहे बदलावों को जानता है। नियमित अभ्यास के बाद सबसे पहले व्यक्ति को बेचैनी, घबराहट, भय जैसी मानसिक परेशानी के बचाव होता है। समाज में फैल रही विकृतियों से बचने में विपश्यना ध्यान एक कारगर पद्धति है।

# गरीबरथ व जनशताब्दी एक्सप्रेस से अब भेज सकेंगे पार्सल, सेवा हुई शुरू

**रायपुर ( ए. )।** यात्रियों की सुविधा के साथ-साथ पार्सल भेजने वालों के लिए भी रेलवे ने नई सेवा शुरू की है। ट्रेन नंबर 12536 रायपुर-लखनऊ गरीब रथ एक्सप्रेस और ट्रेन नंबर 12069/12070 रायगढ़-गोंदिया-रायगढ़ जन शताब्दी एक्सप्रेस को अब पार्सल और गैर-पट्टे माल ढुलाई के लिए अधिसूचित किया गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा संचालित इन ट्रेनों में अब पार्सल सेवा की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें पार्सल बुकिंग को स्केल-आर और सामान को एल श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है। इस नई सुविधा के माध्यम से जनता आसानी से इन ट्रेनों के माध्यम से अपने पार्सल और सामान की बुकिंग कर सकेंगे। रेलवे उपभोक्ताओं के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे उनके सामान को सुरक्षित और समय पर गंतव्य तक पहुंचाने की सुविधा मिलेगी।

# पूर्व राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन हुए अस्वस्थ अस्पताल में भर्ती, मिलने पहुंचे सीएम माझी



**रायपुर/भुवनेश्वर ( ए. )।** छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन की तबीयत मंगलवार को अचानक खराब हो गई। उन्हें इलाज के लिए ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हरिचंदन के बीमार पड़ने की सूचना मिलने पर ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और अन्य प्रमुख नेता अस्पताल पहुंचे और उनकी स्थिति का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री माझी ने अस्पताल में विश्वभूषण हरिचंदन से मुलाकात कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने डॉक्टरों से चर्चा कर हरिचंदन के इलाज के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं को तुरंत मुहैया कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों और डॉक्टरों को भी पूर्व राज्यपाल की हरसंभव देखभाल सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुलाकात के दौरान, ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन, जो कि विश्वभूषण हरिचंदन के पुत्र हैं, भी मौजूद थे। ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भी हरिचंदन की तबीयत बिगड़ने पर चिंता व्यक्त की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है। अस्पताल के डॉक्टरों की एक टीम पूर्व राज्यपाल की सेहत पर लगातार नजर बनाए हुए है और उनका इलाज जारी है।

### भजन संध्या में आरु साहू ने बनाया भक्तिमय माहौल

**रायपुर।** भारती जन सेवा संघ के द्वारा रायपुर के डगनिया में भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस मौके पर छत्तीसगढ़ की स्वर कोकिला कही जाने वाली आरु साहू ने सुंदर मंत्रमुग्ध कर देने वाले गानों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में डगनिया और उसके आसपास के कई गांव और रायपुर शहर के लोग बड़ी संख्या में भजन कीर्तन सुनने पहुंचे। कार्यक्रम में रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू सम्मिलित हुए। उन्होंने भारती जन सेवा संघ को इस मनमोहक आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। भारती जन सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि डगनिया में संघ के द्वारा यह पहला सांस्कृतिक आयोजन किया गया। भजन संध्या में श्री बाल गणेश उत्सव समिति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए कार्यक्रम को शांति पूर्वक संपन्न कराया। श्री बाल गणेश उत्सव समिति के सदस्य ईशान ने बताया, युवाओं ने भजनों पर आकर्षक नृत्य किया, जिससे भजन संध्या का आनंद और बढ़ गया। भारती जन सेवा संस्था सांस्कृतिक आयोजन के जरिए देश और प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने का कार्य कर रही है।

# जैन समाज ने 84 लाख जीवायोनि से की क्षमायाचना

## श्वेतांबर दिगम्बर परम्परा के पर्युषण पर्व के पश्चात पूनम को दादागुरुदेव की पूजा संग क्षमापना

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वर द्वारा प्रतिष्ठित जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी में श्वेतांबर दिगम्बर परम्परा के पर्युषण पर्व पश्चात सकल जैन समाज ने 84 लाख जीवायोनि से मन वचन काया से क्षमायाचना की व सभी जीवों को क्षमा प्रदान की। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि चारों दादागुरुदेव ने जिनमार्ग में क्षमा को श्रेष्ठ धर्म बताया है। क्षमा मांगना व क्षमा प्रदान करना वीरों का कार्य है और महावीर स्वामी के अनुयायी ही यह कार्य करते हैं।

जैन दादाबाड़ी में सैकड़ों भक्तों की उपस्थिति में दादागुरुदेव का जयकारा लगाते हुए बड़ी पूजा का आगाज स्थापना के मंत्रों के साथ किया स्थापना नारियल चावल एवं द्रव्य के समर्पण मंत्र के साथ की। इसकी जानकारी देते हुए सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के महासचिव महेन्द्र कोचर ने कहा की, स्थापना के पश्चात ,बड़ी पूजा का प्रारंभ संगीतमय चोपाई दोहों के साथ सुप्रसिद्ध भजन गायिका दिप्ती बैद ने किया। इसी प्रकार बड़ी पुजा के आठ विधान क्रमश सुप्रसिद्ध गायक वर्धमान चोपड़ा निर्मल पारख, श्रीमती पूनम चोपड़ा द्वारा संगीतमय प्रस्तुतियो व भजनों से लगातार 4 घंटे तक मंदिर व दादाबाड़ी प्रांगण में भक्ति रस की गंगा प्रवाहित होती रही। यही नही निर्मल पारख् के भजन के ये बोल, चांद सा सुंदर चेहरा तेरा नैन है अमृत के प्याले, वो तो कोई और नहीं है वो तो है मेरे दादा गुरु प्यारे के द्वारा सभी भक्तो को भक्ति के आनंद से सरोबार कर दिया। इस प्रकार अष्ठ प्रकारी पूजा क्रमश, जल, चंदन, पुष्प, धूप, दीप, चावल, नेवेध्य, फल, का दादा गुरुदेव की मूर्ति के सम्मुख समर्पण लाभार्थी परिवारों द्वारा किया गया। तत्पश्चात, वस्त्र पूजा एवम अंतिम विधान ध्वजपूजन में महिलाओं द्वारा सिर में चांदी की 11 ध्वजा को रखकर कलात्मक मार्बल की छतरी की तीन फेरी देकर शिखर पर ध्वजा विराजमान की गई पूजा का समापन आरती एवं मंगल दीपक को साथ संपन्न हुआ।

पूजा में प्रमुख रूप से पदम गोलछा, महेन्द्र कोचर, वर्धमान चोपड़ा, निर्मल पारख, प्रवीण चोपड़ा, संतोष झाबक, जयंती लोढ़ा, अशोक कोचर, डॉ योगेश बंगानी, विमल सुराना, ललित लुनिया, प्रमोद टाटिया, तनय लुनिया, शैला बरडिया, वर्षा सांखला, कीर्तिलोढ़ा, दिप्ती बैद, पूनम बरमट आदि सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।













# धूम-4 में खलनायक बन धमाल मचाएंगे सूर्या

## अभिषेक बच्चन से होगी भिड़ंत

**अभिषेक बच्चन की फिल्म धूम को दर्शकों का काफी प्यार मिला था। यह फिल्म 27 अगस्त, 2004 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, जिसकी सफलता के बाद साल 2006 में इसका सीक्वल आया था और यह भी बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई। 2013 में इस फिल्म का तीसरा भाग आया था, जिसके बाद से दर्शक धूम की चौथी किस्त का इंतजार कर रहे हैं। अब खबर है कि धूम 4 की स्टारकास्ट में अभिनेता सूर्या शामिल हो गए हैं।**



रिपोर्ट्स के अनुसार, दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता सूर्या फिल्म धूम 4 में नजर आ सकते हैं।वह फिल्म खलनायक की भूमिका निभाने वाले हैं। सूर्या फिल्म में अभिषेक से भिड़ते हुए नजर आएंगे।फिल्म में विलेन की भूमिका निभाने के लिए निर्माताओं ने सूर्या से संपर्क किया है और खबर है कि उन्हें फिल्म की कहानी पसंद आ गई है। फिल्म के लिए उन्होंने हामी भी भर दी है। इस खबर की आधिकारिक घोषणा जल्द की जाएगी।

धूम और धूम 2 का निर्देशन संजय गढ़वी ने किया था, वहीं तीसरे निर्देशन की कमान विजय कृष्ण आचार्य ने संभाली थी।धूम में जॉन अब्राहम, उदय चोपड़ा, ईशा देओल और रिमी सेन जैसे सितारे नजर आए थे। इसके दूसरे भाग में अभिषेक और उदय के साथ ऋतिक रोशन, ऐश्वर्या राय और बिपाशा बसु ने अभिनय किया था। धूम 3 में अभिषेक और उदय के साथ आमिर खान, जैकी श्रॉफ और कैटरीना कैफ ने अपनी अदाकारी की तड़का लगया था।



# व्हाइट बॉडीकॉन ड्रेस पहन मोनालिसा ने दिखाई अपनी दिलकश अदाएं, सिजलिंग लुक देख बढ़ी फैंस की धड़कनें

**भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा हमेशा अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस को दीवाना बनाए रहती हैं। उनका स्टनिंग अंदाज इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंटरनेट पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका बोल्ड अवतार देखकर लोग अपने होश खो बैठे हैं।**

एक्ट्रेस मोनालिसा भोजपुरी इंडस्ट्री की बेहतरीन एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उन्होंने अपने स्टनिंग फैशन सेंस से लोगों को इस कदर दीवाना बनाया हुआ है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देखक फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस मोनालिसा ने व्हाइट और ऑरेंज प्रिंट में सिंगल डोरी वाला बॉडीकॉन आउटफिट पहना हुआ है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही शानदार नजर आ रही हैं।

खुले बाल, लाइट मेकअप और रेड शेड लिप्सटिक लगाकर मोनालिसा ने अपने इस लुक को और भी ज्यादा खूबसूरत तरीके से निखारा है। बता दें कि एक्ट्रेस इंडियन हो या फिर वेस्टर्न अपने हर लुक में बवाल लगती हैं। उनका स्टनिंग अंदाज देखकर अक्सर फैंस मदहोश हो जाते हैं।

मोनालिसा की इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक क्यूट स्माइल और किलर अंदाज में पोज देती हुई सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा रही हैं।

# आमिर खान के बेटे जुनैद खान की नई फिल्म की रिलीज डेट का एलान, खुशी कपूर संग करेंगे रोमांस

**आमिर खान के बेटे जुनैद खान और श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर पहली बार रोमांटिक ड्रामा में स्क्रीन शेयर करने के लिए तैयार हैं। इस खबर से फैंस काफी एक्साइटेड हो गए हैं और फिल्म से बाकी के अपडेट का बेसब्री से इंताजर कर रहे हैं। हाल ही में मेकर्स ने एक पोस्टर शेयर करते हुए फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा की। यह 7 फिल्म 7 फरवरी, 2025 को स्क्रीन पर आएगी और इसका निर्देशन अद्वैत चंदन ने किया है। फिलहाल फिल्म का टाइटल रिवील नहीं किया गया है।**

इंस्टाग्राम पर फैंटम ने एक पोस्टर शेयर किया जिसमें हम देख सकते हैं कि एक लड़की और लड़का सेल्फी लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा- क्या आप खुशी कपूर और जुनैद खान के साथ डिजिटल युग में प्यार का एक्सपीरियंस करने के लिए तैयार हैं। 7 फरवरी 2025 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में! अद्वैत चंदन द्वारा निर्देशित फिलहाल फिल्म का टाइटल रिवील नहीं किया गया है।

पोस्टर शेयर होते ही फैंस ने रिएक्शन देने शुरू कर दिए। एक फैन ने लिखा, अनटाइटल्ड, जल्दी इसका टाइटल डिसाइड करो। दूसरे ने लिखा- यह बहुत प्यारा होने वाला है।इंतजार नहीं कर सकता। वहीं एक ने लिखा- जुनैद को फिर से स्क्रीन पर देखने के लिए एक्साइटेड हूं। रिपोर्ट्स के मुताबिक मुंबई में शूटिंग का पहला शेड्यूल पूरा हो चुका है और अब यह जोड़ी राजधानी में शूटिंग कर रही है। टीम ने तीन-चार दिन पहले यहां शूटिंग शुरू की है और यह शेड्यूल अगले 10-12 दिनों तक चलेगा। बताया जा रहा है कि यह फिल्म 2022 की तमिल हिट लव टुडे की रीमेक होगी, जिसमें प्रदीप रंगनाथन ने लीड रोल प्ले किया है और इसे निर्देशित किया था।

जुनैद खान ने महाराजा से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। सिद्धार्थ पी। मल्होत्रा द्वारा निर्देशित थ्रिलर ड्रामा महाराजा की बात करें तो यह 1862 के महाराजा मानहानि मुकदमे पर आधारित है। खुशी कपूर ने द आर्चीज से अपनी शुरुआत की। जिसमें उन्होंने शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान और अमिताभ बच्चन के पोते अगस्त्य नंदा के साथ स्क्रीन शेयर की थी।





# निमृत कौर अहलूवालिया गुरु रंधावा के साथ पंजाबी फिल्म में करेंगी डेब्यू

**अभिनेत्री निमृत कौर आहलूवालिया पंजाबी फिल्म 'शौंकी सरदार' से पंजाबी फिल्मों में डेब्यू करने को तैयार हैं। फिल्म में उनके साथ गुरु रंधावा भी होंगे। अपने डेब्यू के बारे में निमृत ने कहा, पंजाबी फिल्म में डेब्यू करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है, खासकर गुरु रंधावा के साथ जो इंडस्ट्री में एक आइकन हैं।**

उन्होंने कहा कि यह फिल्म पंजाब की संस्कृति पर आधारित है। फिल्म शौंकी सरदार एक खूबसूरत कहानी है जो पंजाब की समृद्ध संस्कृति को दर्शाती है और इस सफ़र को शुरू करने के लिए इससे बेहतर प्रोजेक्ट मेरे लिए नहीं हो सकता था। मुझे यकीन है कि मेरे फैंस मुझे इस नए अवतार में देखने के लिए काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म को गुरु रंधावा के बैनर 751 फिल्म्स के तहत बनाई जाएगी। फिल्म का निर्देशन धीरज केदार द्वारा किया जा रहा है। यह फिल्म दर्शकों को भरपूर मनोरंजन देने का वादा करती है।

टीवी शो खतरों के खिलाड़ी में स्टंट करने वाली निमृत ने हाल ही में साझा किया कि उन्हें मांसपेशियों में खिंचाव और शारीरिक दर्द से राहत पाने के लिए फिजियोथेरेपी करवानी पड़ी थी। लेकिन दर्द अभी भी महसूस होता है। अपने अनुभव के बारे में निमृत ने कहा, खतरों के खिलाड़ी में भाग लेना मेरे जीवन के सबसे रोमांचक और गहन अनुभवों में से एक रहा है। मैं इन स्टंट को करने में इतनी खो गई थी कि कई बार सीमाओं का पार कर जा रही थी। मुझे एहसास ही नहीं हुआ कि मैं कितनी थक गई थी।

निमृत ने कहा कि वह रोहित शेट्टी की आभारी हैं, जिन्होंने शानदार तरीके से शो को होस्ट किया। इस महीने की शुरुआत में, अभिनेत्री ने रोहित शेट्टी के साथ शो के दौरान बने अच्छे बॉन्ड के बारे में बात की।



# हर आयु वर्ग के लोगों को रोजाना चलना चाहिए पैदल, कई स्वास्थ्य संबंधी फायदे

**शरीर को स्वस्थ रखने और वजन घटाने के लिए पैदल चलना फायदेमंद होता है। यह एक तरह की कम तीव्रता वाली एक्सरसाइज होती है।आम तौर पर लोग खाना खाने के बाद या सुबह के समय सैर करने जाते हैं। हालांकि, सभी के मन में यह सवाल उठता है कि रोजाना आखिर कितनी दूर पैदल चलना स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। आइए जानते हैं हर आयु के लोगों को रोजाना कितनी दूर पैदल चलना चाहिए।**



## बच्चों के लिए हर दिन इतनी दूर चलना है सही

छोटे बच्चों और किशोरों की ऊर्जा का स्तर बड़ों की तुलना में अधिक होता है। उनके लिए पैदल चलना स्वस्थ रहने का एक मजेदार तरीका हो सकता है।बच्चों और किशोरों को हर दिन कम से कम 60 मिनट तक 12,000 से 15,000 कदम की दूरी तय करनी चाहिए।रोजाना इस लक्ष्य को पूरा करने से न केवल उनका शारीरिक स्वास्थ्य सुधरता है, बल्कि धीरे-धीरे सैर करना उनकी दिनचर्या का हिस्सा बन जाता है।

## बड़ों को रोजाना इतनी दूर चलना चाहिए

बड़ों के लिए खुद को एक्टिव रखना मुश्किल होता है, क्योंकि वे काम में व्यस्त हो जाते हैं। हालांकि, रोजाना कुछ देर पैदल चलना वयस्कों के स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी होता है।आम तौर पर बड़ों को हर दिन करीब 30 मिनट तक पैदल चलना चाहिए। रोजाना 10,000 कदम चलने या 5 से 8 किलोमीटर दूर तक चलने का लक्ष्य रखें।आप रोजाना 1०० कदम चलने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए ये तरीके अपनाएं।

## बुजुर्गों को इतनी दूर तक ही करनी चाहिए सैर

जैसे-जैसे लोगों की उम्र बढ़ती है, उनके पैर और शरीर कमजोर पड़ने लगते हैं। इस कारण उनके लिए रोजाना पैदल चल पाना मुश्किल हो जाता है।हालांकि, स्वास्थ्य के लिहाज से यह जरूरी भी होता है। रिपोर्ट के मुताबिक बुजुर्ग लोगों को प्रतिदिन 7,000 से 10,000 कदम या लगभग 3 से 3.5 मील तक चलना चाहिए।हालांकि, बुढ़ापे में सभी लोगों को अपने शरीर की ताकत के मुताबिक ही शारीरिक गतिविधियां करनी चाहिए।

## पैदल चलते समय रखें इन बातों का ध्यान

सभी उम्र के लोगों को पैदल चलने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए, जो उन्हें स्वस्थ बनाए रखने में योगदान देंगी।सैर करने की शुरुआत में अपनी गति को धीमा रखें और धीरे-धीरे करके ही दूरी को बढ़ाएं। अपने पास पानी की एक बोतल रखें और पैदल चलने से पहले और बाद में पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं।साथ ही आपको पैदल चलने के लिए एक आरामदायक जूता पहनना चाहिए और हल्के कपड़े चुनने चाहिए।

## रोजाना पैदल चलने के फायदे

रोजाना कुछ देर पैदल चलने की आदत आपके वजन को नियंत्रित रखने में मदद करेगी। इस गतिविधि के जरिए आपके दिल का स्वास्थ्य दुरुस्त रहेगा, ब्लड प्रेशर नियंत्रित रखेगा और आपकी हड्डियां भी मजबूत रहेंगी। इसके अलावा, रोजाना 30 मिनट पैदल चलने से आपका मूड भी अच्छा हो जाएगा, आपको आरामदायक नींद मिल सकेगी और आप ऊर्जावान भी बने रहेंगे।आप पैदल चलने के अलावा नांच कर भी वजन घटा सकते हैं।

# क्या आप भी मच्छर भगाने वाली लिक्विड मशीन का करते हैं यूज, तो हो जाएं सावधान

**मच्छरों से बचने के लिए लोग काफी सारी चीजों का इस्तेमाल करते है। वहीं इस चीज में सबसे ज्यादा इस्तेमाल लिक्विड मशीन का इस्तेमाल करते है क्योंकि मॉस्किटो ब्रीडिंग काफी ज्यादा बढ़ जाती है। लेकिन क्या आप जानते है इसका रोजाना यूज करना सेहत के लिए कितना ज्यादा हानिकारक हो सकता है। जो लिक्विड मॉस्किटो किलर केमिकल्स पर बेस्ट होते हैं, वो मच्छरों को मारती हैं, लेकिन हम इन्हें सांस से लेते है। जिससे हमारे शरीर पर काफी ज्यादा नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। आइए आपको बताते है कि इसका ज्यादा इस्तेमाल करने से हमारे शरीर पर काफी नुकसान पहुंचता है।**





## अस्थमा या सांस लेने में दिक्कत

मच्छर भगाने वाली लिक्विड मशीनों में कई हानिकारक केमिकल्स होते हैं, जैसे प्रलैथ्रिन और एलेथ्रिन, जो सांस के जरिए हमारे शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। ये रिस्पिरेटरी सिस्टम पर नेगेटिव इफेक्ट डाल सकते हैं। जिन लोगों को पहले से अस्थमा या सांस लेने में दिक्कत होती है, उनके लिए ये समस्या और गंभीर हो सकती है।

## त्वचा में जलन

लिक्विड में जो चीज होती है उसकी रसायन त्वचा और आंखों पर काफी बुरा असर डालती है। वहीं लंबे समय तक इससे संपर्क में रहने से त्वचा पर जलन, खुजली इसके अलावा लाल चकत्ते भी हो सकते हैं। इसी तरह आंखों में जलन और खुजली की दिक्कत हो सकती है।

## नर्वस सिस्टम कमजोर

अगर आप लंबे टाइम तक लिक्विड मशीन का इस्तेमाल करते हैं, तो इससे आपके नर्वस सिस्टम पर काफी ज्यादा असर पड़ता है। वहीं काफी बार लोग इससे चिड़चिड़ापन, थकान और मानसिक तनाव जैसी दिक्कते महसूस करते हैं।

## सिर दर्द और चक्कर

लिक्विड मॉस्किटो किलर से निकलने वाली गंध कई लोगों को सिर दर्द या चक्कर आने की समस्या दे सकती है। खासकर अगर कमरे में अच्छी तरह से वेंटिलेशन न हो, तो इसकी गंध और ज्यादा नुकसानदायक हो सकती है।

## इम्यूनिटी कमजोर होना

इससे बच्चों और बुजुर्गों की इम्यूनिटी कमजोर होती है। ऐसे में मच्छर भगाने वाले लिक्विड के रसायनों का उन पर काफी ज्यादा प्रभाव पड़ता है। बच्चों में एलर्जी, सांस की समस्या और अन्य शारीरिक समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

# स्वच्छ भारत अभियान की मजबूत नींव हैं स्वच्छता मित्र : भावना बोहरा

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर विधायक बोहरा ने किया स्वच्छता मित्रों का सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**पंडरिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर को पंडरिया में सेवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पंडरिया की विधायक भावना बोहरा ने स्वच्छता मित्र सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में नगर पालिका, शासकीय अस्पताल, नगर पंचायत के अंतर्गत कार्यरत 115 से अधिक सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया।**




विधायक भावना बोहरा ने सफाई कर्मियों को सम्मानित करते हुए स्वच्छ भारत अभियान में उनकी अतुलनीय भूमिका की सराहना की और उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, सबसे पहले मैं प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई प्रेषित करती हूं और उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करती हूं। उनके सेवाभाव से प्रेरित होकर हमने इस कार्यक्रम का आयोजन किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्र सेवा और विकास के प्रति जो प्रतिबद्धता दिखाई है, वह हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। सफाई कर्मियों के प्रति उनके सम्मान ने हमें भी यह कार्यक्रम आयोजित करने की प्रेरणा दी।

विधायक बोहरा ने पंडरिया क्षेत्र में स्वच्छता मित्रों के अथक परिश्रम को रेखांकित करते हुए कहा, हमारे स्वच्छता मित्र दिन-रात सेवाएं देकर हमारे गाँव, शहर और प्रदेश को स्वच्छ रखने के लिए समर्पित हैं। उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए आज हमने उन्हें सम्मानित किया है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से अब समाज में सफाई कर्मियों को स्वच्छता मित्र के रूप में देखा जाने लगा है, जो एक सम्मानजनक परिवर्तन है। स्वच्छता ही सेवा अभियान की घोषणा भावना बोहरा ने घोषणा की कि इस वर्ष 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत नागरिकों की भागीदारी और स्वच्छता मित्रों के योगदान को रेखांकित किया जाएगा। उन्होंने जनता से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाएं। कार्यक्रम में भाजपा मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, मोर्चा व प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# बस्तर के नक्सल पीड़ितों ने दिल्ली के जंतर-मंतर में व्यक्त की अपनी पीड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की प्रेरणा और समर्थन से गुरुवार को बस्तर के नक्सल पीड़ितों ने दिल्ली के जंतर मंतर पर केंजा नक्सली-मनवा माटा (सुनो नक्सली हमारी बात) आंदोलन किया। मुख्यमंत्री साय ने नक्सल पीड़ितों की पीड़ा को समझते हुए उन्हें अपनी आवाज़ दिल्ली तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया और इस महत्वपूर्ण कदम के लिए उनका हौसला बढ़ाया।




मुख्यमंत्री साय ने बस्तर क्षेत्र में माओवादी हिंसा से प्रभावित ग्रामीणों से कई बार संवाद किया और उनके दुख-दर्द को नजदीक से समझा। उन्होंने महसूस किया कि इन पीड़ितों की समस्याओं को केवल राज्य तक सीमित नहीं रखा जा सकता और इसे राष्ट्रीय स्तर पर उठाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री की इस पहल के बाद ही नक्सल पीड़ितों ने जंतर मंतर पर अपने अधिकारों और शांति की मांग को सबके सामने रखने का साहसिक फैसला लिया।

जंतर मंतर पर आंदोलन के दौरान, ग्रामीणों ने माओवादी हिंसा के कारण झेले गए शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कष्टों को व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि कैसे नक्सलियों की हिंसा ने उनके जीवन को प्रभावित किया और उनके गांवों में विकास की प्रक्रिया को बाधित कर दिया। ग्रामीणों ने सरकार से नक्सलवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की और अपने क्षेत्र में स्थायी शांति और सुरक्षा की अपील की।

इस आंदोलन के बाद, नक्सल पीड़ितों का यह दल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करेगा। वे बस्तर की वर्तमान स्थिति और नक्सली हिंसा से जुड़े मुद्दों पर गृह मंत्री से चर्चा करेंगे और समाधान के लिए ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञापन में बस्तर में शांति बहाली, विकास कार्यों में तेजी लाने और सुरक्षा बलों की उचित तैनाती की मांग की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की इस प्रेरक पहल से बस्तर के नक्सल पीड़ितों को अपनी पीड़ा और समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का अवसर मिला है। उनकी हौसला अफ़्ज़ाई और समर्थन से इन पीड़ित परिवारों को न्याय और शांति की उम्मीद की एक नई राह मिली है, जिससे बस्तर में शांति और विकास की दिशा में आगे बढ़ने की उम्मीद की जा रही है।.

# चंद्रयान-4 मिशन को भी केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी

**नई दिल्ली( एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में चंद्रयान-4 मिशन को मंजूरी दी गई है। इस मिशन का उद्देश्य भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतारना और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाना है। इसके तहत चंद्रमा की चट्टानों और मिट्टी के नमूनों को भी पृथ्वी पर लाने की योजना है, ताकि उनका अध्ययन किया जा सके।



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णयों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कैबिनेट ने शुक्र ग्रह की कक्षा संबंधी अभियान, गगनयान, और चंद्रयान-4 अभियान के विस्तार को भी मंजूरी दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने एक अगली पीढ़ी के प्रक्षेपण यान को भी स्वीकृति दी है, जो पृथ्वी की निचली कक्षा में 30 टन का पेलोड स्थापित कर सकेगा।

चंद्रयान-4 मिशन के लिए 2,104.06 करोड़ रुपये के फंड की आवश्यकता होगी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि यह मिशन 2040 तक भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर भेजने के लिए आवश्यक प्रौद्योगिकियों का विकास करेगा, जिसमें डॉकिंग/अनडॉकिंग, लैंडिंग, और नमूना संग्रह शामिल हैं। इसरो इस मिशन के लिए अंतरिक्ष यान के विकास और प्रक्षेपण की जिम्मेदारी निभाएगा, और उम्मीद जताई गई है कि उद्योग और शिक्षा जगत की भागीदारी से यह मिशन 36 महीनों के भीतर पूरा होगा।

इसके साथ ही, मंत्रिमंडल ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है, जो कोविंद समिति की सिफारिशों के आधार पर है। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति ने लोकसभा चुनावों की घोषणा से पहले अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, जिसे कैबिनेट ने सर्वसम्मति से मंजूरी दी।

# मनरेगा के माध्यम से हुआ शिक्षा में सुधार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में ग्रामीण विकास और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) ने क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं। इस योजना का उद्देश्य न केवल गरीब ग्रामीणों को रोजगार प्रदान करना है, बल्कि उनके जीवन की गुणवत्ता को भी बेहतर बनाना है। ऐसी ही एक कहानी है छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के ग्राम पंचायत पीपरबहरा की जहाँ मनरेगा के माध्यम से इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण का कार्य किया गया और इसका सीधा लाभ विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों को मिला।




मनरेगा से शिक्षा के क्षेत्र में परिवर्तन की शुरुआत

ग्राम पंचायत पीपरबहरा एक ऐसा गाँव है जहाँ वर्षों से विद्यालय और आंगनबाड़ी तक जाने का मार्ग बेहद कठिन था। मुख्य मार्ग से मझपारा आंगनबाड़ी और प्राथमिक शाला तक का रास्ता कच्चा था, जिससे बारिश के दिनों में बच्चों और शिक्षकों के लिए आना-जाना बेहद मुश्किल हो जाता था। खासकर बरसात के दिनों में स्थिति इतनी खराब हो जाती थी कि कीचड़ और पानी भरने की वजह से स्कूल की गतिविधियाँ प्रभावित होती थीं। आखिरकार मनरेगा के तहत इस समस्या का समाधान किया गया। शासन द्वारा मनरेगा योजना के तहत ग्राम पंचायत पीपरबहरा को सड़क निर्माण हेतु कुल स्वीकृत राशि 8 लाख 69 हजार 571 रुपए की मंजूरी प्राप्त हुई थी, जिससे ग्राम पंचायत पीपरबहरा में इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया गया। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य मझपारा आंगनबाड़ी और प्राथमिक शाला तक एक सुरक्षित और सुविधाजनक मार्ग प्रदान करना था। कार्य शुरू होते ही गाँव के लोगों और विशेष रूप से बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई। सड़क का निर्माण तेजी से हुआ और कुछ ही महीनों में यह सड़क बनकर तैयार हो गई। अब बच्चों और शिक्षकों के लिए यह सड़क न केवल आसान पहुँच प्रदान करती है, बल्कि उनके दैनिक जीवन में भी कई सकारात्मक बदलाव लेकर आई है। पहले जहाँ बरसात के दिनों में कीचड़ और पानी भरने की समस्या थी, अब वहाँ एक साफ और सुंदर मार्ग है, जिससे विद्यालय तक पहुँचना बहुत आसान हो गया है।

शैक्षणिक स्तर पर पड़ा प्रभाव

इस सड़क निर्माण का सबसे बड़ा प्रभाव गाँव के शिक्षा स्तर पर पड़ा है। जहाँ पहले बच्चों का स्कूल आना-जाना असुविधाजनक होने के कारण उनकी उपस्थिति कम होती थी, अब बच्चों की उपस्थिति में स्पष्ट सुधार देखा गया है। उनके चेहरे पर पढ़ाई के प्रति उत्साह साफ दिखाई देने लगा है। इसके अलावा स्कूल के शिक्षक भी अब बच्चों को और अधिक ध्यान देकर पढ़ाने में सक्षम हैं, क्योंकि वे बिना किसी कठिनाई के स्कूल पहुँच सकते हैं। इस प्रकार मनरेगा के तहत सड़क निर्माण ने गाँव के शिक्षा स्तर को सुधारने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ग्राम पंचायत पीपरबहरा की यह सफलता केवल एक सड़क निर्माण की कहानी नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण विकास की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। इस परियोजना ने न केवल बच्चों और शिक्षकों के जीवन को आसान बनाया है, बल्कि गाँव के समग्र विकास में भी एक महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ग्राम पंचायत पीपरबहरा में मनरेगा के तहत इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण केवल एक भौतिक संरचना का निर्माण नहीं है, बल्कि यह गाँव के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# पोषण केंद्रों से आ रही चेहरे पर मुस्कान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** बच्चों में कुपोषण एक अत्यंत ही गंभीर स्थिति मानी जाती है। इससे बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास प्रभावित होता है तथा इसके कारण शिशु मृत्यु दर भी बढ़ने का भी खतरा रहता है। ऐसे में राज्य शासन द्वारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा में पोषण पुनर्वास केंद्रों का सफलतापूर्वक संचालन करते हुए गंभीर रूप से कुपोषण से पीड़ित बच्चों को इससे निकालने हेतु सफल प्रयास किया जा रहा है।



जिला अस्पताल बलौदाबाजार के पोषण पुनर्वास केन्द्र से ठीक हुई पलारी विकासखंड के ग्राम कोनारी की 6 माह की बच्ची की माता हेमिन बाई ध्रुव के अनुसार उनकी बच्ची का वजन 3 किग्रा था जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कर पोषण आहार दिया गया। पोषण आहार देने के पश्चात उसका वजन 6 किग्रा हो गया, अब बच्ची पूरी तरह ठीक है। ऐसे ही पलारी विकासखंड अंतर्गत ग्राम चरौदा की 2 साल की गंभीर कुपोषित बच्ची का वजन मात्र 4 किलो 400 ग्राम था, जिसे अस्पताल में भर्ती कर पोषण आहार दिया जा रहा है। बच्ची की मां सरिता ध्रुव के अनुसार अस्पताल में उन्हें बेहतर उपचार तथा पोषण आहार समय पर मिल रहा है।

बलौदाबाजार में जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल तथा पलारी में पोषण पुनर्वास केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। पोषण पुनर्वास केंद्र एक सुविधा आधारित इकाई है जहां 5 वर्ष से कम एवं गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को पोषण सुविधा प्रदान की जाती है। साथ ही बच्चे के पालकों को आवश्यक देखभाल तथा खान-पान संबंधित कौशल प्रशिक्षण भी दिया जाता है जिससे वह घर पर भी अपने बच्चों को कुपोषण से दूर करने का प्रयास कर सकें। जनवरी 2024 से अब तक जिला अस्पताल में 94,पलारी में 135 तथा कसडोल में 141 बच्चे भर्ती किए जा चुके हैं।

चिकित्सकों के अनुसार बच्चों में कुपोषण मुख्यत: दो प्रकार का पाया जाता है। पहला सूखा रोग जिसमें शरीर की मांसपेशियां बहुत कमजोर हो जाती हैं, तथा वजन में कमी आ जाती है। शरीर दुबला पतला हो जाता है, हड्डियां दिखाई देने लगती हैं। उम्र के अनुपात में शारीरिक वजन में कमी आ जाती है। कुपोषण का दूसरा प्रकार क्वाशियोरकर है जिसकी शुरुआत अपर्याप्त व असंतुलित भोजन से होती है इसमें हाथ पैर व पूरे शरीर में सूजन, बालों का रंग फीका हो जाना तथा आसानी से उखड़ जाते हैं,विटामिन ए की कमी के लक्षण जैसे आंखों में धुंधलापन,तेज रोशनी में नहीं देख पाना इत्यादि प्रकट हो जाते हैं।

पोषण पुनर्वास केंद्रों में भर्ती हेतु बच्चों में कुपोषण की पहचान मुख्यत: आंगनबाड़ी केंद्रों में की जाती है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्रों में भी इसके लिए व्यवस्था की गई है। क्योंकि कुपोषित बच्चों में संक्रमण की संभावना अधिक होती है, इस कारण वे बार-बार बीमार पड़ते हैं और उनके ठीक होने में लंबा समय लगता है। पोषण पुनर्वास केंद्रों में भर्ती हेतु बच्चों के लिए कुछ मापदंड निर्धारित किए गए हैं। इसके अंतर्गत यदि 6 माह से कम उम्र का शिशु अत्यंत कमजोर हो, वह प्रभावी ढंग से दूध पी नहीं पा रहा हो या 45 सेंटीमीटर से ज्यादा लंबाई के बच्चे का वजन लंबाई अनुसार न हो, गंभीर सूखापन दिखाई दे या फिर दोनों पैरों में सूजन हो जबकि 6 माह से लेकर 60 माह तक के बच्चों के लिए ऊंचाई के अनुसार वजन, ऊपरी बांह के मध्य भाग की गोलाई 11.5 सेंटीमीटर से कम हो अथवा दोनों पैरों में सूजन हो यह मापदंड निश्चित किए गए हैं।

# जनपद पंचायतों में स्वच्छता ही सेवा अभियान का हुआ शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत प्रतिष्ठा ममगाई के मार्गदर्शन में जिले के पांचों जनपद पंचायतों में स्वच्छता ही सेवा अभियान (स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता) कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया.कार्यक्रम के अतिथियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर अभियान का शुभारम्भ किया गया। जनपद पंचायतों में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष,विशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष व जनपद सदस्यों द्वारा कार्यक्रम में शामिल हो कर उपस्थित ग्रामीण, नागरिक, अधिकारी कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई।



कार्यक्रम के दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत् पौधारोपण करके अन्य लोगों को प्रेरित किया। साथ ही मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता हेतु एकजुटता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सरपंच विकासखंड के समस्त अधिकारी-कर्मचारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, स्वच्छाग्रही सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे। सीईओ जनपद पंचायत के द्वारा कार्यक्रम में शामिल हुए सभी व्यक्तियों का आभार प्रकट किया गया।

# वन्य प्राणी विचरण क्षेत्रों में सतर्क रहने वन विभाग ने की अपील

**कांकेर।** जिले से लगे ग्राम डुमाली के पहाड़ी में पिछले तेंदुआ एवं उसके शावक दिखाई देने की सूचना प्राप्त हुई है। इस संबंध में वन मंडलाधिकारी श्री आलोक वाजपेयी ने बताया कि यह वन क्षेत्र वन्यप्राणी तेंदुआ का नैसर्गिक, प्राकृतिक वास है, एक साथ 05 तेंदुआ दिखाई देने से लोगों के मन में भय व्याप्त न हो, इसके लिए वन विभाग प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि वन विभाग द्वारा इन परिस्थितियों में वन्य प्राणी मानवद्वंद नियंत्रण हेतु संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी के लिए टीम गठित कर लगातार गश्त करायी जा रही है। यह भी बताया गया कि ग्राम डुमाली के प्रश्नांकित स्थल पर ट्रैप कैमरा लगाये जा रहे है, ताकि तेंदुओं की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। वन मंडलाधिकारी ने लोगों से आग्रह किया है कि वन विभाग द्वारा वन्यप्राणियों से बचने के लिए पूर्व में पलैक्स, पाम्फ़्लेट के माध्यम से जो बातें कही गई है, उन पर अमल करें।

वन्यप्राणी तेंदुआ से बचाव के लिए ये सावधानियां रखें :- वन्यप्राणी तेंदुआ रात्रि के समय सक्रिय होते है, रात में घर से बाहर न रहें। अंधेरे में घर के बाहर न निकलें और न ही बच्चों को बाहर खेलने दें। घर के आसपास अच्छी रोशनी जला कर रखें, क्योंकि तेंदुआ अंधेरे में शिकार करते है। इसलिए रोशनी उन्हें दूर रख सकती है। अपने पालतु मवेशियों को मजबुत बाड़े या घर के अंदर रखें, खुले में बंधे जानवार को तेंदुआ अपना शिकार बना सकता है। घर के आसपास झाडियों की साफसफाई करें।

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# भिलाई में कटर बाजी, दो बदमाश गिरफ्तार, पुलिस ने निकाला आरोपियों का जुलूस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** गणेश पंडाल के पास शराब पीने को लेकर हुए विवाद में कटर चलाने वाले आरोपियों को वैशाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बुधवार को दोनों आरोपियों का जुलूस निकाला। जुलूस के दौरान आरोपियों ने कान पकड़कर कहा कि कटर चलाना पाप है, पुलिस हमारी बाप है।

दरअसल 3 दिन पहले परदेशी चौक स्थित गणेश पंडाल के पास कटर चलाने वाले आरोपियों का वैशालीनगर पुलिस ने जुलूस निकाला।



आरोपी संजू यादव और यूसूफ खान दोनों ने कान पकड़कर अपने किए की माफी मांगी। इन आरोपियों पर पहले भी कई मामले दर्ज हैं।

थाना प्रभारी ममता अली शर्मा ने बताया कि, आरोपी क्षेत्र में दहशत का माहौल बनाना चाह रहे थे। इसलिए उनका सिर मुंडवा कर जुलूस निकाला गया। इससे लोगों के बीच उनका आतंक और भय कम हुआ है। साथ ही लोग उनसे डरेंगे नहीं। साथी उन्होंने आरोपियों का जुलूस निकालकर लोगों के बीच संदेश दिया कि जो भी अपराध करेगा पुलिस उसे नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि, प्रार्थी और आरोपी दोस्त थे। शराब पीने को लेकर विवाद हुआ था। आरोपियों ने हर्ष को कटर मारकर घायल कर दिया। इस घटना को अंजाम देने के बाद वे जगदलपुर में जाकर छिप गए थे, जहां से उन्हें मंगलवार गिरफ्तार कर भिलाई लाया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों पर बीएनएस की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

## वाईशेप ब्रिज पर फैल गया था ऑयल, पुलिस टीम ने रेत डाली

**भिलाई।** हाइवे पेट्रोलिंग के जवानों की सतर्कता से बड़ी अनहोनी टल गई। वाय शेप ओवरब्रिज के ऊपर सड़क पर काफी मात्रा में ऑयल फैला पड़ा था। पेट्रोलिंग कर रही टीम के जवानों को सूचना मिली। ऑयल से वाहन चालकों के स्लिप होकर गिरने की आशंका पर जवान तुरंत रेत लेकर ब्रिज पहुंचे और ऑयल पर रेत डालकर लोगों को हादसे का शिकार होने से बचा लिया। ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि एनच 53 में अंजोरा बाईपास से कुम्हारी टोल तक 40 किलोमीटर के बीच में चार हाइवे पेट्रोलिंग तैनात किए गए हैं, जो लगातार जाम को हटाने समेत सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करते हैं। 17 सितंबर को वाईशेप ब्रिज के ऊपर आयल गिरे होने की सूचना मिली। इस पर जवानों ने उस पर रेत डालकर आवाजाही बहाल की। यातायात पुलिस ने अपील करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में घायलों की बिना हिचक के मदद करें। तकि समय पर उन्हें इलाज मिल सके।



## खास खबर

### काम में लापरवाही बरतने वाला पटवारी निलंबित

**कोरबा।** कोरबा7 कलेक्टर अजीत वसंत ने भैंसमा तहसील के पटवारी हल्का नंबर 11 कोरकोमा के पटवारी विमल सिंह को निलंबित कर दिया है। शासकीय कार्य में उदासीनता व लापरवाही बरतने पर यह कार्रवाई की गई है। पटवारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। संतोषजनक जवाब नहीं देने पर शासकीय कार्य के प्रति उदासीनता व घोर लापरवाही को छत्तीसगढ़ सिविल आचरण नियम का उल्लंघन मानते हुए कलेक्टर ने पटवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में इनकी ड्यूटी पसान तहसील के राजस्व निरीक्षण मंडल जटगा में नियत किया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। कलेक्टर ने भैंसमा तहसीलदार के जांच प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्रवाई की है।

### गणेश विसर्जन के दौरान डूबने से बच्चे की मौत

**बिलासपुर।** गणेश प्रतिमा विसर्जन करने गए एक बच्चे की तालाब में डूबने से मौत हो गई। घटना चकरभाठा थाना क्षेत्र की है। ग्राम रहंगी में बुधवार की सुबह 10 बजे झलफा तालाब में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा था। इसमें गांव के युवक व बच्चे शामिल थे। तालाब किनारे आरती चल रही थी। सभी व्यस्त थे। इस बीच अचानक 8 वर्षीय सम्राट ध्रुव पिता संतराम तालाब में डूब गया। मौजूद लोगों को पता चला तो बच्चे की तलाश शुरू की गई। साथ ही डॉयल 112 को भी सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। दो घंटे की खोजबीन के बाद बच्चे का शव मिला। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। बता दें कि यहां अवैध उत्खनन के कारण कई जगह पर गहरे व जानलेवा गड्ढे बन गए हैं।

### रायपुर में युवती का रेप, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** गोवा के युवक ने रायपुर में एक युवती से होटल में रेप किया है। होटल में काम करने के दौरान दोनों की दोस्ती हुई, फिर उसे झांसे में लेकर दुष्कर्म किया। युवती को कहा कि, ताजमहल देखने के लिए आगरा चलो वहीं शादी कर लेंगे। लेकिन उसने आगरा पहुंचकर युवती से शादी करने के बजाए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता ने पुलिस को शिकायत में बताया कि, वो रायपुर में एक होटल में काम करने के दौरान आरोपी प्रिंस डी सिल्वा से मिली। प्रिंस गोवा का रहने वाला है। दोनों के बीच दोस्ती हो गई तो वह अक्सर फोन पर बात करने लगे। आरोपी युवती को कुछ काम के बहाने रेलवे स्टेशन के पास स्थित एक होटल पर लेकर गया और जबरन रेप किया।

# कैंप में जवान ने अपने साथियों पर चलाई गोली, दो जवानों की मौत, एक गंभीर

श्रीकंचनपथ न्यूज

## बलरामपुर जिले के सामरी थाना क्षेत्र का मामला

**बलरामपुर।** जिले के सामरी थाना अंतर्गत भुताही कैंप में गुरूवार को सीएएफ के जवान ने साथी जवानों पर सर्विस इंसास रायफल से अधाधुंध गोली चला दी। गोली लगने से दो जवानों की मौत हो गई एवं एक अन्य जवान घायल हो गया। घायल जवान को कुसमी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल किया गया है। बलरामपुर एसपी राजेश अग्रवाल घटनास्थल पहुंच गए हैं। घटना सामरी थानाक्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक, बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के झारखंड से लगे सरहदी क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सीएएफ का कैंप ग्राम भुताही में बनाया गया है। भुताही कैंप में सीएएफ की 11वीं बटालियन तैनात है। 11.30 बजे सीएएफ जवान अजय सिदार ने अपने साथियों पर इंसास सर्विस रायफल से अधाधुंध गोलियां चला दीं। गोलियां चलने की आवाज सुनकर भागकर मौके पर पहुंचे जवानों ने अजय सिदार को पकड़कर काबू में किया। गोली लगने से सीएएफ जवान रूपेश पटेल की मौके पर मौत हो गई। वहीं संदीप पांडेय एवं गार्ड कमांडर अंबुज शुक्ला घायल हो गए।



दोनों को उपचार के लिए कुसमी लाया जा रहा था। रास्ते में संदीप पांडेय ने भी दम तोड़ दिया। घायल गार्ड कमांडर अंबुज शुक्ला को दोनों पैरों में गोली लगी है।

### घायल अंबिकापुर रेफर

घटना में गंभीर रूप से घायल अंबुज शुक्ला को कुसमी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना पर बलरामपुर एसपी राजेश अग्रवाल घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। एक अन्य सीएएफ जवान राहुल बघेल को भी गोली छूती हुई निकल गई है। राहुल बघेल ने ही गोली चलाने वाले पर काबू किया। वह मामूली घायल हुआ है। उसका प्राथमिक उपचार किया गया।

### जांच के बाद मौत के कारण की होगी पुष्टि

बलरामपुर एएसपी शैलेश पांडेय (नक्सल ऑपरेशन) ने बताया कि गोली लगने से एक जवान की मौके पर मौत हो गई। एक जवान शॉक लगने से गिर गया, उसे कुसमी लाया जा रहा था, जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। पीएम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा। कुसमी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डा. सतीश पैकरा ने कहा कि मृतक जवान संदीप पांडेय के शरीर में गोलियों के निशान नहीं मिले हैं। जांच के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### मिर्च नहीं देने हुआ और चलरा दी गोली

प्रारंभिक जांच में पता चला कि गोली चलाने वाला जवान अजय सिदार सीएएफ कैंप में खाना खाने बैठा था। उसने खाना परोसने वाले जवान से मिर्च मांगी। उसने मिर्च देने से मना कर दिया। इसे लेकर दोनों में कहा-सुनी हो गई। गार्ड कमांडर अंबुज शुक्ला ने मिर्च नहीं देने वाले जवान का सपोर्ट किया एवं बहस की। इससे आक्रोशित होकर अजय सिदार खाना छोड़कर उठा एवं उसने अपनी इंसास रायफल उठा ली एवं रूपेश पटेल पर गोलियां दाग दी। उसने अंबुज शुक्ला के पैरों में गोलियां मार दीं। इस दौरान राहुल बघेल ने अजय सिदार को पकड़कर काबू में किया।

# लोहारीडीह कांड : आरोपी की जेल में मौत, एएसपी विकास कुमार सस्पेंड

- सीएम साय के निर्देश पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने लिया एक्शन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कबीरधाम।** लोहारीडीह में युवक की हत्या व पूर्व सरपंच के घर आगजनी मामले ने काफी तूल पकड़ लिया है। युवक की हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपी की मौत से बचाल और बढ़ गया। इस बीच डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बड़ा एक्शन लिया है। उन्होंने आईपीएस अधिकारी विकास कुमार को कल देर रात सस्पेंड कर दिया। आईपीएस अधिकारी विकास कुमार कबीरधाम जिले में बीते 7 माह से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर थे। इन्हे जंगल रेंगाखार थाना क्षेत्र लोहारीडीह कांड के मामले में सस्पेंड किया गया है।

बता दें रविवार की सुबह कवर्धा के लोहारीडीह में शिवप्रसाद साहू नाम के शख्स की लाश गांव से लगभग दस किलोमीटर दूर पेड़ पर लटकती बरामद की गई। लोगों ने गांव के पूर्व सरपंच रघुनाथ साहू पर हत्या का आरोप लगाते हुए मकान पर धावा बोला। आग लगने से पूर्व सरपंच रघुनाथ साहू के घर में रखा सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। उसके बाद एक व्यक्ति की लाश जली



अवस्था में मिली है। आशंका जताई जा रही है कि आगजनी में जो लाश बरामद हुई है वह पूर्व सरपंच रघुनाथ साहू की है। वहीं शिव प्रसाद साहू की हत्या के मामले में प्रशांत साहू को गिरफ्तार किया गया जिसकी जेल में संदिग्ध मौत हो गई। इस मामले में कांग्रेस ने सरकार को घेरना शुरू कर दिया। इस दौरान डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने एएसपी विकास कुमार को संस्पेंड कर दिया है।

गृहमंत्री विजय शर्मा के मुताबिक गांव वालों ने शिकायत की थी कि प्रशिक्षु आईपीएस ने बंदी के साथ मारपीट की थी। सीएम साय के निर्देश पर अब आईपीएस को सस्पेंड किया गया, जो लीड कर रहे थे। डिप्टी सीएम ने कहा है कि पोस्टमॉर्टम के बाद चीजें साफ हो पाएंगी। बिसरा रिपोर्ट फॉरेंसिक जांच के लिए भेजी गई है। वहीं इस मामले में एसपी अभिषेक पल्लव ने कहा कि प्रशांत साहू को मिर्गी की बीमारी थी और जेल में तबीयत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# लारेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताकर हिस्ट्रीशीटर ने ठेकेदार को दी जान से मारने की धमकी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में लारेंस बिश्नोई गैंग के नाम से ठेकेदार को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। हिस्ट्रीशीटर की धमकी का आडियो रिकार्डिंग भी है, जिसमें वो बोल रहा है कि उसने बिहार में दो लोगों को मार दिया था और एक महीने में ही जेल से छूटकर बाहर आ गया। ठेकेदार की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला मस्तूरी थाना क्षेत्र का है।

जयराम नगर निवासी कोमल भार्गव उर्फ मोनू ठेकेदार है। उसने पुलिस को बताया कि करीब छह दिन पहले हिस्ट्रीशीटर नितेश शर्मा उर्फगोलू ने उसके परिचित के युवक सुरेंद्र सेन के मोबाइल पर काल किया था। उसने सुरेंद्र को धमकी देते हुए कहा कि कोमल और उसके भाई को घर में घुसकर गोली मार दूंगा। इस मामले में उसने सुरेंद्र को फंसाने की भी धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि नितेश को बिहार पुलिस ने आर्म्स एक्ट के मामले में गिरफ्तार किया था। इसके अलावा उसके खिलाफअन्य थानों में भी मामला दर्ज है। वह आदतन बदमाश है। वह खुद को लारेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताता है और लोगों को डराता-धमकाता है। ठेकेदार ने आरोपी के खिलाफकड़ी कार्रवाई की मांग की है।

आरोपी युवक की धमकी का आडियो रिकार्डिंग भी है, जिसमें वो खुद को लारेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े होने का दावा कर रहा है। साथ ही सन्नी को उससे बात कराने का भी दावा किया है। नीतेश यह भी दावा कर रहा कि उसने बिहार में दो लोगों को मार दिया, जिसके बाद लारेंस बिश्नोई ने 40 लाख रुपए खर्च कर एक महीने में ही उसे जेल से बाहर निकलवा दिया। वह बोल रहा है कि घर में घुसकर कोमल और उसके भाई को गोली मारेगा और मर्डर के केस में सन्नी और उसके साथियों का नाम लेकर फंसा देगा।

# हत्या के आरोपी गिरफ्तार, धमकी से था परेशान

**जांजगीर चांपा (ए.)।** जांजगीर चांपा जिले के शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के युवक संतोष कश्यप की हत्या करने वाले दो आरोपी रॉकी कश्यप 33 वर्ष और जगदीश कश्यप 29 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

एसपी कार्यालय जांजगीर में एएसपी राजेंद्र जायसवाल ने प्रेस कांफ्रेंस कर मामले का खुलासा करते हुए बताया की,15 सितंबर की शाम को बिर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम करही में सफेद रंग की बोरी में बंद अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली थीं। जिसकी पहचान मृतक संतोष कश्यप 37 वर्ष सलखन के रूप में हुई थी। परिजनों ने बताया की 13 सितंबर से लापता था शिवरीनारायण थाने में 14 सितंबर को गुम इंसान की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था।



शार्ट पीएम रिपोर्ट आने पर हत्या की पुष्टि होने पर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई थी। इस दौरान सूचना मिलने पर संदेही रॉकी कश्यप और जगदीश को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर धारदार हथियार से गर्दन में 2 से 3 बार हमला कर हत्या करने की बात स्वीकार की है।

आरोपी राकी कश्यप ने बताया की मृतक संतोष कश्यप जोकि दुकान में किसी भी समय में आकर बैठ जाता और कुछ कुछ सामान को खाने लगता था और मना करने पर लेकर चला जाता था। पैसे मांगने पर तुम गलत काम करते हुए तुम्हे जेल भेजवा दूंगा इस तरह की धमकी दिया करता था। 13 सितंबर की शाम 7.00 बजे को अपने दोस्त जगदीश कश्यप के साथ दुकान से कुछ दूरी पर बैठकर शराब पी रहे थे। इस बीच मृतक संतोष कश्यप पहुंच लड़ाई झगड़ा कर चला गया। रॉकी ने अपने दोस्त जगदीश कश्यप को बताया की रोज रोज परेशान करता है। फिर रात 10.00 बजे करीबन दुकान के पास आकर गाली गलौज करने लगा जिससे तंग आकर दुकान के अंदर से लोहे का हथियार लाकर हमला किया जिसे मौके पर ही मौत हो गई और दोस्त जगदीश की सहायता से लाश को बोरी में बंद कर सिलादेही पुल के ऊपर से महानदी में फेक दिया था शिवरीनारायण पुलिस ने दोनो आरोपी राकी कश्यप और जगदीश कश्यप के खिलाफ धारा 103,238,3(5) ब्हृस के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से धारदार हथियार और मोटर साइकिल पैशन प्रो ष्टत्न 11ष्टस्न 1827 को जब्त किया गया है।

# किन्नर ने 18 दिन के मासूम को चुराया, पकड़ाया तो बोला पालना चाहता था

- बचेली क्षेत्र का मामला, सकुशल बरामद हुआ बच्चा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दंतेवाड़ा।** जिले के बचेली में एक 18 दिन का बच्चा चोरी हो गया था। बच्चा घर में काम करने वाली किन्नर ने ही चोरी किया था। परिजनों ने बच्चे के अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए आरोपियों को जगदलपुर के आड़ावाल से गिरफ्तार किया है। साथ ही बच्चे को बरामद किया है।

बचेली निवासी महिला छोटी ने बताया कि घर में बच्चे को सुलाते हुए पानी लेने के लिए अंशु के भरोसे छोड़ कर गई थी, लेकिन जैसे ही वह आई, बच्चे को लेकर अंशु फरार हो गया। आसपास के साथ ही पुलिस ने तत्काल ही टीम बनाते हुए आरोपी की पतासाजी की। आरोपी को 150 किमी दूर जगदलपुर के आड़ावाल से गिरफ्तार किया गया।

बताया जा रहा है कि जिस किन्नर ने बच्चे को चुराया था, वह थर्ड जेंडर होने के साथ ही तंत्र विद्या वाला है। साथ ही उसका सहयोग करने वाला एक अन्य युवक भी पुलिस के हिरासत में आने के बाद उसे दंतेवाड़ा ले जाया गया। अंशु ने बच्चे को चुराने के साथ ही अपने पुरुष मित्र साहिल का सहयोग लिया, जहां से दोनों बच्चे को लेकर वहां से भाग निकले, लेकिन युवक को बस्तर पुलिस के साथ ही दंतेवाड़ा पुलिस ने लोकेशन के हिसाब से युवक को कोड़ेनार में ही गिरफ्तार कर हिरासत में ले लिया। वहीं,





आरोपी को जगदलपुर के आड़ावाल से पकड़ा गया।

### देखने के बाद बनाया प्लान

आदिवासी महिला छोटी के बच्चे को पहले ही दिन से देखने के बाद अंशु ने प्लान बना लिया था कि वह बच्चे को अपने साथ ले जाकर पाल पोसकर उसे अपने बच्चे जैसे ख्याल रखेगी। इसके लिए उसने अपने युवक मित्र की मदद ली। किन्नर बच्चे को चुराने के बाद जगदलपुर के आड़ावाल में रहने वाली अपनी बहन के घर लेकर गया।

### डॉक्टरों ने किया इलाज

बच्चे को बरामद करने के बाद बस्तर पुलिस ने बच्चे का फोटो दंतेवाड़ा एसपी को भेजा। महिला ने अपने बच्चे होने की पुष्टि की। वहीं, बच्चे को आड़ावाल से लाने के बाद सायबर सेल कोतवाली में रखा गया। डॉक्टर की टीम ने बच्चे को दूध पिलाने के साथ ही उसका मेडिकल टेस्ट भी किया, जिससे कि बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ है कि नहीं। बचेली से चोरी हुए बच्चे के बरामद करने के बाद बस्तर पुलिस के साथ ही दंतेवाड़ा पुलिस पोदुम से चोरी हुए बच्चे से भी तार को जोड़ कर उस मामले की भी पूछताछ कर रही है।


कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड बेमेतरा (छ.ग.)

:: ई-प्रोक्योरमेंट चतुर्थ निविदा सूचना ::

ऑनलाईन निविदाएं प्रपत्र-ए में प्रतिशत दर पर अनुबंध हेतु नीचे उल्लेखित कार्य के लिये छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में एकीकृत पंजीयन व्यवस्था में **श्रेणी-डी** एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।

| स.क्र. | सिस्टम नम्बर | तृतीय निविदा सूचना क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख मे) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **158628** | 24 | Providing, laying, jointing, testing and commissioning of Distribution Network 100mm to 150mm dia D.I. K-7 Pipe with suitable joints all fittings including all allied civil works with testing and 03 months trial run under Bemetara Aug. Water Supply Scheme, District – Bemetara. 100mm dia D.I. K-7 pipe - 1800 150mm dia D.I. K-7 pipe - 550 | **60.19** |

1. बिड प्रारंभ की तिथि – 18.09.2024
2. बिड सबमिशन की अंतिम तिथि – 24.09.2024

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **http://eproc.cgstate.gov.in** में दिनांक 18.09.2024 से देखे जा सकते है।

जी-242502555/4

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बेमेतरा (छ.ग.)





भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार
बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER



कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में
रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग



शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.



रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

'प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' की स्वीकृति जनजातीय समुदाय के उत्थान की दिशा में बड़ा कदम

# केन्द्रीय कैबिनेट के ऐतिहासिक निर्णय से जनजातीय समुदाय का होगा उत्थान-साय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्रीय कैबिनेट में जनजातीय समुदाय के उत्थान, किसानों और उपभोक्ता कल्याण के संबंध में लिए गए निर्णयों के लिए छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार प्रकट किया है। केन्द्रीय कैबिनेट द्वारा 'प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' को स्वीकृति और प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) योजना को वर्ष 2025-26 तक जारी रखने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा है कि इन निर्णयों का लाभ प्रदेशवासियों को भी मिलेगा।**



मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के प्रति आभार करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा जनजातीय समुदाय के उत्थान की दिशा में 'प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' को मिली स्वीकृति ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री के इस मिशन से देश के 63,000 से अधिक आदिवासी बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों के आदिवासी गांवों के लोगों जीवन-स्तर में सुधार एवं समृद्धि आएगी। निश्चित ही इसका लाभ हमारे प्रदेश के जनजातीय भाई-बहनों को मिलेगा। जनजातीय समुदाय के उत्थान की दिशा में इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री का सहृदय आभार और देश-प्रदेश के समस्त जनजातीय भाई-बहनों को ढेरों शुभकामनाएं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा है कि केन्द्रीय कैबिनेट द्वारा 'प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) योजना' को वर्ष 2025-26 तक जारी रखने की मंजूरी दी गई है, जो अत्यंत सराहनीय है। इस योजना के तहत 35,000 करोड़ रूपए के कुल वित्तीय व्यय से अन्नदाता किसानों को लाभकारी मूल्य प्रदान करने और उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने में सहायता मिलेगी। निश्चित ही हमारे प्रदेश के अन्नदाताओं और उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। कृषक और उपभोक्ता कल्याण को समर्पित इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री का हार्दिक आभार।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा है कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अन्नदाता किसान भाई-बहनों को निरंतर सस्ती दरों पर खाद की आपूर्ति के लिए पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों को स्वीकृति प्रदान की है। 2024 के रबी सीजन हेतु फॉस्फेटिक और पोटाश (पी एंड के) उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) दरें तय करने के इस पहल से किसानों को किफायती और उचित मूल्य पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। जिसका लाभ हमारे प्रदेश के अन्नदाताओं को मिलेगा। किसानों के हित में लिए गए इस निर्णय के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री जी का सहृदय आभार।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में लिए गए निर्णयों की भी सराहना की है। उन्होंने कहा है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने चंद्रयान - 4 मिशन को स्वीकृति दी है। इस मिशन का उद्देश्य स्पेसक्राफ्ट को चंद्रमा पर उतारना, सैंपल कलेक्ट करना और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाना है। इसके अलावा केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वीनस ऑर्बिटर मिशन, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना सहित गगनयान फॉलो-ऑन मिशन को भी स्वीकृति दी है। अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में यह सभी निर्णय भारत की सशक्त उपस्थिति को दर्शाता है। इस निर्णय के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री का आभार और समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं।

# महिलाओं को दिया जाएगा ड्रोन प्रशिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** नमो ड्रोन दीदी योजना अंतर्गत बलौदाबाजार जिले के स्व सहायता समूह की अधिक से अधिक महिलाओं को ड्रोन उडाने का प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने कृषि विभाग के अधिकारियों को इस सबंध में जरुरी निर्देश दिए हैं। ड्रोन दीदी श्रीमती निरुपा साहू एवं ड्रोन पायलट निखिल कन्नौजे ने कलेक्टर श्री सोनी से मुलाकात कर अपने अनुभव साझा किए। कलेक्टर ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें प्रेरणा स्रोत बताया। उन्होंने उर्वरक व कीटनाशक छिड़काव में ड्रोन के उपयोग को किसानों के लिए फायदेमंद कहा और ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने की बात कही।

विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम लाहौद निवासी ड्रोन दीदी श्रीमती निरुपा साहू ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने ड्रोन से दवाई छिड़काव का कार्य अप्रैल 2024 से शुरू किया है। इसके पूर्व उन्होंने ग्वालियर स्थित प्रशिक्षण संस्थान से ड्रोन उडाने का 15 दिन का प्रशिक्षण लिया। उन्होने बताया कि बिहान अंतर्गत वैभव लक्ष्मी स्व सहायता समूह से जुडी हैं। नमो ड्रोन दीदी योजना के बारे में जानकारी कृषि विभाग के अधिकारियो से मिली। ड्रोन दीदी ने बताया कि ड्रोन से यूरिया या कीटनाशक छिड़काव के लिए प्रति एकड 300 रुपए शुल्क लेती हैं और उन्हें अब तक करीब 25 हजार रूपए की आय हो चुकी है।

ग्राम लटुआ निवासी ड्रोन पायलट निखिल कन्नौजे ने बताया कि वह इफ्को कंपनी से जुडा है और कंपनी के माध्यम से ड्रोन चलाने का प्रशिक्षण लिया है। उन्होंने बताया कि ड्रोन को 2 से 3 किलोमीटर की दूरी तक उड़ाया जा सकता है। विगत अप्रैल माह से करीब 88 एकड़ खेतों में दवाई का छिड़काव ड्रोन से कर चुके हैं।

ज्ञातव्य है कि केंद्र सरकार द्वारा नमो ड्रोन दीदी योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य है कि आने वाले चार वर्षों में 15 हजार स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराया जाए। यह ड्रोन, महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। इन ड्रोन्स का इस्तेमाल कृषि क्षेत्र में उर्वरकों का छिड़काव करने के लिए किया जाएगा।

# राष्ट्रीय पोषण अभियान बना जन आंदोलन

## महिलाओं और बच्चों के आहार और व्यवहार में आ रहा सकारात्मक बदलाव

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर राष्ट्रीय पोषण अभियान ने एक जन आंदोलन का रूप ले लिया है। चालू माह में पोषण अभियान को राष्ट्रव्यापी उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। राज्य के 52 हजार से अधिक आंगनबाड़ियों में पोषण अभियान संचालित हो रहा हैं। वहीं स्वास्थ्यवर्धक विभिन्न गतिविधियों को आयोजन भी किया जा रहा है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों और छह वर्ष की आयु तक के बच्चों की पोषण स्थिति पर ध्यान केंद्रित करके कुपोषण को दूर करने के लिए वर्ष 2018 में 'राष्ट्रीय पोषण अभियान' के रूप में शुरू किया था।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सुपोषण छत्तीसगढ़ बनाने के लिए हमारी सरकार दृढ़ संकल्पित है, उन्होंने राज्य के समस्त जनप्रतिनिधि, पंचायती राज संस्था के प्रतिनिधियों महिला स्व-सहायता समूहों, प्रबुद्ध वर्ग, विद्यार्थी वर्ग, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों के निकायों के प्रतिनिधि एवं समस्त जनसमुदाय से अपील करते हुए कहा है कि पोषण माह की गतिविधियों में पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ छत्तीसगढ़ को कुपोषण और एनीमिया मुक्त बनाने में सहभागी बने। महिलाओं और बच्चों को पोषण के प्रति जागरूक करने के लिए है जन प्रतिनिधियों, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, महिला स्वसहायता समूह, प्रबुद्ध नागरिकों, विद्यार्थियों और स्थानीय जन समुदाय को शामिल किया गया है।

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि सितंबर माह के प्रथम दिवस से पोषण माह 2024 मनाया जा रहा है, जो पोषण जागरूकता को बढ़ावा देने और एक स्वस्थ भारत के निर्माण की दिशा में समर्पित एक राष्ट्रव्यापी उत्सव है। इस वर्ष अपने 7वें चरण में, पोषण माह अभियान एनीमिया की रोकथाम, विकास निगरानी, सुशासन और प्रौद्योगिकी के माध्यम से प्रभावी सेवा वितरण, पोषण भी पढ़ाई भी और पूरक पोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह के तहत् छत्तीसगढ़ के लगभग 52 हजार आंगन बाड़ी केन्द्रों में महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और उनके पोषण संबंधित देख-भाल के लिए समझाइश दी जा रही है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ को एनीमिया और कुपोषण मुक्त बनाने के लिए गांवों में महिला बाल विकास विभाग द्वारा सुपोषण रथ के माध्यम से जागरूकता लाई जा रही। राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्रो में प्रतिदिन पोषण व स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधियां आयोजित हो रही हैं। साथ ही जिले में 23 सितंबर 2024 तक सभी केंद्रों में वजन त्यौहार मनाया जा रहा है। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों में 0 से 06 वर्ष के बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापना, पोषण स्तर की जांच एवं उनके अभिभावकों को पोषण संबंधित जानकारी दी जा रही है। राज्य में राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत अब तक डैशबोर्ड में 29 लाख 60 हजार 333 गतिविधियों की एंट्री की जा चुकी है। महिला एवं बाल विकास विभाग की संचालक सुश्री तूलिका प्रजापति ने विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को की जा रही शत-प्रतिशत गतिविधियों की ऑनलाइन एंट्री करने के निर्देश दिए हैं।

सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में भी समूह बैठक में वजन त्यौहार के बारे में चर्चा की जा रही है। ग्रामीण महिलाओं से चर्चा के दौरान 0 से 06 साल के बच्चे, किशोरी बालिकाओं को खान-पान और स्वास्थ्य देखभाल के बारे में बताया जा रहा है। महिला बाल विकास की योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही गर्भवती महिलाओं से पौष्टिक आहार भोजन में शामिल करने का आग्रह किया जा रहा है। राष्ट्रीय पोषण माह के साथ ही 12 से 23 सितम्बर तक प्रदेश की आंगनबाड़ियों में वजन त्यौहार भी मनाया गया। जिसके अंतर्गत बच्चों के वजन में बढ़ोत्तरी को मापने के साथ ही सामुदायिक जागरूकता का कार्य भी किया गया। वजन त्यौहार के दौरान बच्चों के वजन सहित अन्य विवरण महिला और बाल विकास विभाग के मोबाइल ऐप पर दर्ज किया गया।

# विश्व के सबसे ऊंचे बैम्बू टॉवर का किया गडकरी ने लोकार्पण

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह भी लोकार्पण कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़े

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** विश्व बांस दिवस पर केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बेमेतरा में तैयार विश्व के सबसे ऊंचे बांस के टॉवर का ऑनलाइन लोकार्पण किया। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह भी लोकार्पण कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े। बेमेतरा जिले के ग्राम कठिया में भव्य सृष्टि उद्योग द्वारा दुनिया के सबसे ऊंचे बांस के टॉवर का निर्माण किया गया है। करीब 11 लाख रुपए की लागत से निर्मित इस टॉवर की ऊंचाई 140 फीट और वजन 7400 किलोग्राम है। पेरिस के एफिल टॉवर जैसी डिजाइन वाला यह टॉवर भव्य सृष्टि उद्योग के फाउंडर और बांस प्रौद्योगिकी से जुड़े गणेश वर्मा ने बनाया है।

केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बांस-टॉवर का लोकार्पण करते हुए कहा कि भव्य सृष्टि उद्योग बांस पर लगातार अनुसंधान कर इसकी नई-नई खासियतों को सामने ला रहा है। अपनी नई सोच और पहल से उन्होंने 140 फीट ऊंचा यह टॉवर बनाया है। यह टॉवर वजन में हल्का है और इसका जीवन काल कम से कम 25 वर्षों का है। वॉच टॉवर, टेलीकॉम टॉवर, ट्रांसमिशन टॉवर और रेडियो टॉवर के रूप में इसका उपयोग हो सकता है। उन्होंने कहा कि भव्य सृष्टि उद्योग बांस के उपयोग और इससे निर्मित सामग्रियों की नई-नई डिजाइन और परिकल्पना पर लगातार काम कर रहा है। हम लोग उनका पूरा सहयोग कर रहे हैं। उनके इस कार्य के लिए मैं उन्हें बहुत बधाई देता हूं। श्री गडकरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार यदि बांस के उपयोग के बारे में कोई नीति बनाती है और उसे प्रोत्साहित करती है, तो वहां के आदिवासियों का जीवन बदल जाएगा। छत्तीसगढ़ के हैंडलूम्स, हैंडीक्रॉफ्ट्स और मेटल-क्रॉफ्ट्स में नए डिजाइन बनेंगे तो उनकी अच्छी बिक्री होगी। मैं डॉ. रमन सिंह के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार से अनुरोध करूंगा कि बांस से फर्नीचर और अन्य सामग्रियों के नए-नए डिजाइन उनकी उपयोगिता के आधार पर तैयार करने के लिए डिजाइन सेंटर बनेंगे तो राज्य में निर्यात करने लायक उत्पाद भी तैयार हो सकेंगे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने लोकार्पण कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि 140 फीट के इस नवनिर्मित टॉवर से छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ा है। दुनिया के सबसे ऊंचे 140 फीट के बांस के टॉवर को देखकर मैं गौरवान्वित हुआ हूं। इसके लिए मैं भव्य सृष्टि उद्योग से जुड़े सभी साथियों को बधाई देता हूं। छत्तीसगढ़ का यह नया स्टार्ट-अप धरती से जुड़ा है, किसान से जुड़ा है और हमारे वनवासियों से जुड़ा है। सांसद विजय बघेल तथा विधायकद्वय दीपेश साहू और ईश्वर साहू भी कठिया में बांस-टॉवर के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए।

भव्य सृष्टि उद्योग के फाउंडर गणेश वर्मा ने बताया कि उनकी कंपनी के उत्पादों को नेशनल ऑटोमोटिव टेस्ट ट्रैक्स, सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट, भारतीय रेलवे, भारतीय सड़क कांग्रेस और अन्य सरकारी संस्थानों द्वारा मान्यता प्राप्त है।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय इस पर्यावरण अनुकूल और अभिनव समाधान को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। मंत्रालय देश के 25 राज्यों में सैकड़ों किलोमीटर की लंबाई में बांस क्रैश बैरियर्स लगाने की परीक्षण परियोजनाएं शुरू करने के लिए तैयार है, जिनका क्रियान्वयन अगले कुछ महीनों के भीतर किया जाएगा। इसके आधार पर बांस क्रैश बैरियर्स की व्यापक स्थापना की संभावनाओं का आंकलन किया जाएगा, जो किसानों, गांवों की अर्थव्यवस्था और पर्यावरण के लिए वरदान साबित हो सकता है।

# कचरा प्रबंधन से स्वच्छ हो रहे गांव

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** बिलासपुर जिले के बिल्हा विकासखंड के ग्राम डोड़की में स्वसहायता समूह की महिलाएं कचरा प्रबंधन कर अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने का कार्य कर रही हैं। कचरा प्रबंधन से जैविक खाद बनाने में समूह की दीदियां अहम भूमिका निभा रही हैं। शासन द्वारा दिए जा रहे सहयोग से समूह की महिलाओं के जीवन में आर्थिक सुधार आया है और वे अपने परिवार की जिम्मेदारियों में बखूबी अपना योगदान दे रही हैं। ग्राम पंचायत केवांछी के आश्रित ग्राम डोड़की के जय मां अम्बे समूह की महिलाओं ने बताया कि गांव में मनरेगा के तहत एसएलडब्लयूएम शेड, नाफेड एवं वर्मी टैंक का निर्माण किया गया है। इन कार्यों के लिए मनरेगा से दस लाख 29 हजार रुपए स्वीकृत हुए थे। शेड के माध्यम से ठोस एवं तरल अपशिष्ट के रूप में निकलने वाले कचरे का प्रबंधन किया जा रहा है। समूह की महिलाएं अपने तिपहिया वाहन में घर-घर घूमकर कचरा एकत्र कर शेड में लाकर इन कचरों से खाद बना रही हैं।

डोड़की के रहवासियों ने बताया कि ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन शेड के निर्माण से गांव में अस्वच्छता संबंधी समस्याओं का निदान हुआ है। गांव में अब स्वच्छता का माहौल बना रहता है। महिलाओं द्वारा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य रोज किया जा रहा है। गांव में हर परिवार को नीले एवं हरे रंग का डस्ट-बिन दिया गया है। कचरा संग्रहण के लिए तिपहिया वाहन खरीदे गए हैं। जय मां अम्बे समूह ने गांव को रोगमुक्त रखने का भी बीड़ा उठाया है। समूह की महिलाएं जन-चौपाल लगाकर गांववालों को मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक जानकारियां भी दे रही हैं। कचरा प्रबंधन, अपशिष्ट से तैयार जैविक खाद और ठोस कचरे के रूप में प्राप्त प्लास्टिक की बिक्री से समूह को सालाना 30 हजार से 40 हजार रुपए तक की आमदनी अनुमानित है।

समूह की महिलाओं ने बताया कि वे इस कार्य से बहुत खुश हैं। इससे हो रही आय से उनके जीवन स्तर में सुधार हुआ है। गांव में पहले इधर-उधर कचरा फैले होने से गंदगी का वातावरण रहता था और बीमारियों का खतरा बना रहता था।

## 91 फीसद प्रामाणित बीच भी किए गए वितरित, 99 फीसद बोआई

# मुख्यमंत्री की पहल पर 100 फीसद खाद का वितरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ में लगभग 99 प्रतिशत बोनी पूर्ण हो चुका है। इसके साथ ही राज्य के किसानों को अब तक 13.63 लाख मीट्रिक टन खाद का वितरण हो चुका है, जो लक्ष्य के विरूद्ध लगभग शत-प्रतिशत है। इसी प्रकार किसानों को 8.92 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज का वितरण किया जा चुका है, जो लक्ष्य का 91 प्रतिशत है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर कृषिमंत्री रामविचार नेताम के मार्गदर्शन में प्रदेश के किसानों को उनकी मांग के अनुरूप सुगमता के साथ प्रमाणित खाद-बीज का वितरण किया जा रहा है।**



कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा इन पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में मानसून की काफी अच्छी स्थिति है। राज्य में अब तक 48.16 लाख हेक्टेयर क्षेत्र याने 99 प्रतिशत क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी हो चुकी है।

राज्य सरकार द्वारा इस खरीफ सीजन में 48.63 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में चालू खरीफ सीजन के लिए किसानों को विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरकों का वितरण जारी है। 17 सितम्बर 2024 की स्थिति में किसानों को लगभग 13.63 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किया जा चुका हैं, जो लक्ष्य का 96 प्रतिशत है। वितरित किए गए उर्वरकों में 6 लाख 81 हजार 374 मीट्रिक टन यूरिया, 2 लाख 83 हजार 444 मीट्रिक टन डीएपी, 1 लाख 73 हजार 352 मीट्रिक टन एनपीके, 55 हजार 836 मीट्रिक टन पोटाश तथा 2 लाख 8 हजार 172 मीट्रिक टन सुपर फास्फेट का वितरण शामिल है। चालू खरीफ सीजन के लिए राज्य में सहकारिता एवं निजी क्षेत्र के माध्यमों से किसानों को 13 लाख 68 हजार मीट्रिक टन खाद वितरण का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके विरूद्ध अब तक 16.08 लाख मीट्रिक टन रासायनिक खाद का भण्डारण करा लिया गया है। भण्डारण के विरूद्ध लगभग 13.63 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किसानों को किया जा चुका है। किसानों को सुगमता पूर्वक खाद का वितरण सोसायटी और निजी विक्रेताओं द्वारा किया जा रहा है। किसानों को किसी प्रकार से परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा खाद-बीज वितरण पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

### 8.92 लाख क्विंटल प्रामाणित बीज वितरित

प्रदेश के किसानों को चालू खरीफ सीजन में विभिन्न फसलों की बोनी के लिए सहकारी समितियों एवं निजी क्षेत्र के माध्यम से सुगमता के साथ प्रमाणित बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अब तक किसानों को विभिन्न खरीफ फसलों के 8 लाख 92 हजार क्विंटल प्रमाणित बीज वितरण किए गए हैं, जो कि राज्य में बीज की मांग का 91 प्रतिशत है। गौरतलब है कि राज्य में खरीफ की विभिन्न फसलों के प्रमाणित बीज की कुल मांग 9 लाख 78 हजार क्विंटल है, इसके विरूद्ध 9 लाख 31 हजार क्विंटल प्रमाणित बीज भण्डारण किया जा चुका है। किसानों को अब तक 8.92 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज का वितरण किया गया है, जो मांग का 91 प्रतिशत है।

### राज्य में लक्ष्य का 99 प्रतिशत बोनी पूर्ण

चालू खरीफसीजन में अब तक लक्ष्य का 99 प्रतिशत बोनी पूर्ण हो चुका है, जबकि इस सीजन में राज्य सरकार द्वारा 48.63 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों के बोनी का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 48.16 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी हो चुकी है। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक, एक जून 2024 से अब तक राज्य में 1094.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से 03 सितम्बर 2024 सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2282.0 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 570.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि प्रदेश की औसत वार्षिक वर्षा 1236 मिलीमीटर है।

### किसानों को मिला 6606 करोड़ रूपए का अल्पकालीन कृषि ऋण

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर राज्य के अधिक से अधिक किसानों को अल्पकालीन कृषि ऋण वितरण किया जा रहा है। प्रदेश में किसानों को अब तक राज्य सहकारी बैंकों के द्वारा 2058 सहकारी समितियों के माध्यम से लगभग 6606 करोड़ रूपए का अल्पकालीन ब्याज मुक्त कृषि ऋण वितरण किया गया है। इस वर्ष राज्य सरकार द्वारा किसानों को 7300 करोड़ रूपए ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया है। किसानों को उनके मांग और रकबे के अनुरूप अल्पकालीन कृषि ऋण प्रदान किया जा रहा है, जबकि पिछले वर्ष आज की स्थिति में 6 हजार 544 करोड़ रूपए के अल्पकालीन कृषि ऋण वितरित किए गए थे। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा किसानों को खेती-किसानी की प्रारंभिक जरूरतों को पूरा करने तथा खेती-किसानी में सहूलियत प्रदान करने के उद्देश्य से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना प्रारंभ किया गया हैं। इसके अलावा किसानों को साहूकारों के चंगुलों से बचाना इसका एक प्रमुख उद्देश्य था। वर्तमान समय में इस योजना के माध्यम से प्रदेश के लाखों किसान इससे लाभान्वित हो रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950